दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 307 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 02 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## सीएम शर्मा 10 से 25 दिसंबर के बीच प्रदेश के लोगों को देंगे कई बड़े तोहफे

**प्रदेश के हर जिले के लोगों के साथ सरकार मनाएगी अपने 2 साल के ऐतिहासिक कार्यकाल का जश्न, करीब 35000 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की मिलेगी सौगात**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार अपने 2 साल के कार्यकाल के पूरा होने के उपलक्ष में इस बार प्रदेश के हर जिले के लोगों के साथ जश्न मनाने की तैयारी में जुट गई है व्यापक तौर पर कार्य योजना तैयार कर ली गई है क्योंकि पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं और कई बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं इसलिए यह सारे ऐतिहासिक कार्य प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसलिए सरकार ने अपने कार्यकाल के कामकाज के प्रचार प्रसार को जबरदस्त तरीके से गति देने के लिए इस बार 10 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है जिसमें प्रदेश की जनता को करीब 35000 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिलेगी और यह सौगात राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मिलेगी सरकार के 2 साल के कार्यकाल के पूरा होने के अवसर पर 10 दिसंबर से 25 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित करने की सूची तैयार की गई है 20 दिसंबर को किसान सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें 31600 किसानों को 200 करोड रुपए का अनुदान और 5 लाख किसानों को 700 करोड रुपए का कृषि अनुदान वितरित किया जाएगा। इसके अलावा 5 लाख पशुपालक को दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत 100 करोड रुपए दिए जाएंगे 21 दिसंबर को पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत सभी जिलों में पौधारोपण किया जाएगा ।इसी दिन ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट और ग्रीन ग्रोथ क्रेडिट पॉलिसी का विमोचन होगा 22 दिसंबर को व्यापार संवर्धन दिवस मनाया जाएगा जिसके दौरान राइजिंग राजस्थान परियोजना अंतर्गत 2 लाख करोड रुपए की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग होगी इसके अलावा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी व्यापार प्रोत्साहन नीति सेमीकंडक्टर नीति निजी औद्योगिक पार्क योजना और एयरोस्पेस पॉलिसी का भी विमोचन किया जाएगा। 23 दिसंबर को एमएसएमई कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा जिसमें औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जाएंगे और विकल स्क्रेपिंग नीति जारी की जाएगी 24 दिसंबर को पर्यटन कॉन्क्लेव होगा जहां नई पर्यटन नीति और फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति का विमोचन किया जाएगा 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के उपलक्ष में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को जयपुर में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन होगा इस समारोह में प्रवासी राजस्थानियों को बाकायदा पुरस्कार भी वितरित किये जाएगे। इसके अलावा प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के बारे में राजस्थान सरकार की ओर से निवेशकों के लिए क्या-क्या सुविधा उपलब्ध करवाई गई हैं इसके बारे में खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सभी मेहमानों को विस्तार से जानकारी देंगे इस कार्यक्रम में भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड रुपए के जो समझौते हुए थे उनके क्रियान्वयन के बारे में भी विस्तार से जानकारी देंगे और यह बताएंगे कि राइजिंग राजस्थान में समझौते करने वाले निवेशकों को राजस्थान सरकार की ओर से तत्परता से उनकी इच्छा के मुताबिक जमीन का आवंटन भी किया जा रहा है बताया गया है कि प्रदेश सरकार के 2 साल के ऐतिहासिक निर्णय और कामकाज की जानकारी प्रदेश के सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए बाकायदा रथ तैयार किए गए हैं जिनको दिसंबर माह में ही मुख्यमंत्री खुद हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे जो प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में सरकार के कामकाज और उपलब्धियां के बारे में लोगों को बताएंगे यह रथ विशेष रूप सेतैयार किए गए हैं और इसमें आधुनिकरण और तकनीकी का पूरा इस्तेमाल किया गया है जिसके माध्यम से सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को बहुत ही खूबसूरती के साथ दर्शाया गया है ।

## एस. आई.आर. को लेकर संसद में चार बार हुआ हंगामा, बार-बार रोकी गई संसद की कार्रवाई

### विपक्षी शोर शराबी के बीच संसद में पास हुआ मणिपुर जीएसटी बिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल लोकसभा में पेश किया। यह बिल मणिपुर गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स सेकंड अमेंडमेंट ऑर्डिनेंस 2025 को बदलने के लिए लाया गया है जिसे 7 अक्टूबर 2025 को लागू किया गया था यह कदम जीएसटी काउंसलिंग की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के बाद उठाया गया है जीएसटी काउंसलिंग ने 375 वस्तुओं पर लगने वाले जीएसटी स्लैब को तर्कसंगत बनाने का फैसला लिया था इसके तहत 5,12, 18 और 28 फ़ीसदी के चार स्लैब को घटकर दो स्लैब यानी 5 और 18 फ़ीसदी किया गया है वही अल्ट्रा लग्जरी वस्तुओं पर 40 फ़ीसदी का नया रेट प्रस्तावित किया गया है । यह बदलाव 22 सितंबर को लागू किए गए थे इन रेट को लागू करने के लिए राज्यों के जीएसटी कानून में संशोधन जरूरी था। मणिपुर फिलहाल राष्ट्रपति शासन के अधीन है इसलिए पार्लियामेंट इस कानून को पारित कर रही है सोमवार को सुबह बिल पेश किया गया और बाद में लोकसभा में हंगामा के बीच यह पास भी हो गया जानकारी के अनुसार लोकसभा की कार्रवाई पूरे दिन विपक्षी हंगामा की वजह से बार-बार बाधित होती रही विपक्षी सदस्य स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन आफ इलेक्टरों रोल पर चर्चा की मांग कर रहे थे इसी मुद्दे पर सुबह प्रश्न काल के दौरान और दोपहर में दो बार सदन स्थगित करना पड़ा अंत में करीब 2.20 बजे सदन को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया जानकारी के अनुसार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को 12 मिनट के दौरान तीन और बिल पेश किया इसमें तंबाकू और तंबाकू उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी लगाने वाला केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन बिल 2025 शामिल है इसके अलावा पान मसाला पर नया शेष लगाने के लिए हेल्थ सिक्योरिटी एंड नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल 2025 भी पेश किया गया । चुनाव आयोग ने अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप ,छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान ,तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य की घोषणा की है इनमें से तमिलनाडु , पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में वर्ष 2026 में चुनाव प्रस्तावित है असम में भी 2026 में चुनाव होने हैं जहां चुनाव आयोग ने इस स्पेशल रिवीजन नाम दिया है ।



## विपक्ष संसद का इस्तेमाल अपनी हताशा निकालने के लिए कर रहा: नरेंद्र मोदी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष चुनाव से मिली हार के बाद संसद को हताशा निकालने का मंच बना रहा है उन्होंने कहा यदि विपक्ष चाहे तो वह राजनीति में सकारात्मक लाने के लिए कुछ सुझाव देने को तैयार हैं संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सत्र राजनीतिक रंगमंच नहीं बल्कि रचनात्मक और सकारात्मक बहस का केंद्र बने उन्होंने कहा कि कुछ समय से सांसद या तो चुनावी तैयारी की जगह बन गई है या फिर महाराज के बाद हताशा व्यक्त करने का माध्यम बन गया है प्रधानमंत्री ने बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष की पराजय का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्ष चुनावी परिणामों को स्वीकार नहीं कर पा रहा है पराजय अवरोध का आधार नहीं बननी चाहिए और जीत भी अहंकार में नहीं बदलना चाहिए बिहार में रिकार्ड मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है विपक्ष को पराजय के अवसर से बाहर निकलकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 10 साल से विपक्ष जो खेल खेल रहा है अब जनता उसे स्वीकार नहीं कर रही उन्हें अपनी रणनीति बदलनी चाहिए प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं उन्हें कुछ सुझाव देने को भी तैयार हूं प्रधानमंत्री



मोदी ने कहा कि कुछ विपक्षी नेताओं के हालिया बयान यह संकेत देते हैं कि वह चुनावी नतीजे को नहीं पचा पा रहे हैं ।

### नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के नए सभापति राधाकृष्णन को शुभकामनाएंदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन को उनकी ओर से राज्यसभा के पहले सत्र की अध्यक्षता किए जाने पर बधाई दी पूर्व राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई 2025 को अपने स्वास्थ्य कारण की वजह से पद छोड़ दिया था जिसके बाद चुनाव में राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुने गए राज्यसभा के पहले सभापति के तौर पर उनका पहला सत्र है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## राज्यसभा में पहले ही दिन पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का मामला कांग्रेस ने उठाया

### पालतू कुत्ता लेकर संसद पहुंची रेणुका चौधरी और कहा मेरा कुत्ता नहीं पार्लियामेंट में बैठने वाले काटते हैं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा में पहले ही दिन सोमवार को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफा का मामला कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने तंज करते हुए उठाया उन्होंने नए सभापति राधाकृष्णन के स्वागत भाषण में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनकर का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व सभापति जगदीप धनकर के इस्तीफा का कारण उनका स्वास्थ्य बताया गया उनके स्थिति के पीछे क्या सच्चाई है इसका अब तक खुलासा नहीं हुआ उन्होंने नए सभापति राधाकृष्णन की ओर इंगित करते हुए कहा कि अगर आप इधर के लोगों का ख्याल रखोगे तो उधर के लोगों का ख्याल नहीं रखोगे तब भी आपको परेशानी होगी इसलिए आपको दोनों ही बैलेंस और संतुलन बनाए रखना होगा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बात सुनकर संसदीय मंत्री किरण रिजू जी ने खड़े होकर कहा कि विपक्ष को पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफा को लेकर किसी भी तरह का कोई बयान देने का हक ही नहीं बनता क्योंकि विपक्ष यह भूल गया कि वह पहले खुद उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया था इसलिए उनके साथ विपक्ष ने जो दुर्व्यवहार किया वह सबके सामने है इसलिए विपक्ष को उनके स्थिति पर बोलने का कोई हक नहीं है



संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार को आरंभ हुआ जिसमें कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ सांसद रेणुका चौधरी अपनी गाड़ी में पालतू कुत्ता लेकर संसद में पहुंचे जहां पर पत्रकारों ने बातचीत के दौरान उनसे पूछा कि कुत्ता किसी को कहीं काट नहीं ले जिस पर रेणुका चौधरी ने कहा कि मेरा कुत्ता किसी को नहीं कटता, काटने वाले पार्लियामेंट में बैठे हैं रेणुका चौधरी के इस तरह के विवादित बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी के सांसदों में चौधरी के बयान को लेकर गहरा आक्रोश छा गया और भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल ने रेणुका चौधरी पर तंज करते हुए कहा कि संसद परिसर एक पवित्र मंदिर की तरह है जहां पर प्रत्येक सदस्यों को पूरी मान मर्यादा के साथ आना चाहिए और मान मर्यादा को देखते हुए ही शब्दों का उच्चारण करना चाहिए लेकिन रेणुका चौधरी ने जो बयान दिया है वह स्वीकार योग्य नहीं है उनके बयान से संसद की पवित्रता पर हमला हुआ है और संसद में बैठने वाले प्रत्येक व्यक्ति का उन्होंने अपमान किया है ।

## नगर विधानसभा सीट अब बृजनगर विधानसभा सीट के नाम से जानी जाएगी, अधिसूचना जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने नगर विधानसभा सीट का नाम बदलकर ब्रजनगर विधानसभा सीट कर दिया है इस संबंध में सरकार की ओर से सोमवार को अधिसूचना भी जारी कर दी गई है अब यह विधानसभा क्षेत्र ब्रजनगर विधानसभा क्षेत्र के नाम से जाना जाएगा जानकारी के अनुसार लंबे समय से क्षेत्र के लोग इस विधानसभा क्षेत्र का नाम बदलने की मांग कर रहे थे और लोगों ने इस विधानसभा क्षेत्र का नाम ब्रजनगर करने को कहा था इस विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान में सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह विधायक हैं उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के वाजिद अली को 1531 मतों के अंतर से हराया था इससे पहले 2018 के विधानसभा चुनाव में इस विधानसभा क्षेत्र से बसपा की टिकट पर वाजिद अली ने चुनाव लड़ा था और चुनाव जीत भी गए थे बाद में बसपा के अन्य विधायकों के साथ वाजिद अली भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे 2023 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से वाजिद अली को कांग्रेस ने टिकट दिया था लेकिन अली चुनाव हार गए थे जानकारी के अनुसार इस सीट से वर्तमान विधायक जवाहर सिंह भी इस सीट का नाम बदलना चाहते थे उन्होंने अपने स्तर पर भी इस विधानसभा क्षेत्र का नाम बदलने का प्रयास किया इसके अलावा स्थानीय विभिन्न सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों और कई प्रबुद्ध नागरिकों ने लगातार प्रदेश की भजनलाल सरकार से इस क्षेत्र का नाम बदलने रिक्वेस्ट की थी लोगों का कहना था कि यह पूरा क्षेत्र ही भगवान श्री कृष्णा के मूवमेंट से ताल्लुक रखता है और यह पूरा इलाका ब्रज की भूमि ही है फिर इस विधानसभा क्षेत्र का नाम भी ब्रजनगर विधानसभा क्षेत्र ही होना चाहिए स्थानीय लोगों की इच्छा पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपनी अंतिम मोहर लगा दी है और अब यह विधानसभा क्षेत्र ब्रजनगर विधानसभा क्षेत्र के नाम से जाना जाएगा।



### एयर पॉल्यूशन पर सुप्रीम कोर्ट की खरी-खरी

## पराली जलाने पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, सीजेआई बोले- हम चुप नहीं बैठ सकते

नई दिल्ली

**(एंजेसी)**सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एयर पॉल्यूशन के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए दो टूक कहा कि परानी जलाने पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम पराली जलाने को लेकर टिप्पणी नहीं करना चाहते। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि दिल्ली में खराब एयर क्वालिटी और पॉल्यूशन के मुद्दे को हर साल आने वाली एक रस्म की तरह नहीं देखा जा सकता। दिल्ली में प्रदूषण के मामले को अक्टूबर में बस लिस्ट करके नहीं छोड़ा जा सकता, हम इसकी नियमित सुनवाई करेंगे। हमने यह भी देखा है कि जब इस मामले की सुनवाई हुई तो हवा की गुणवत्ता में सुधार देखा गया है। सीजेआई



सूर्यकांत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग और केंद्र सरकार से कहा कि हम में से कोई भी खाली नहीं बैठ सकता। हम यह नहीं मान सकते कि इस समस्या का कोई हल नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने CAQM से अपनी छोटी और लंबी अवधि की योजनाओं को पेश करने के लिए कहा है। साथ ही, अब तक उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने को भी कहा। सीजेआई ने आयोग से पूछा कि खुद से एक सवाल पूछिए, क्या आपकी कार्य योजना ने स्थिति को सुधारा है? उन्होंने आयोग को यह सोचने के लिए कहा कि क्या एक्शन प्लान से उनकी उम्मीदें पूरी हुई हैं। अगर आपकी कार्य योजना अप्रभावी रही है, तो शायद आपको किसी वैकल्पिक उपाय के बारे में सोचना होगा।

### *पराली जलाने का भी उठा मुद्दा*

*अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि CAQM ने हर राज्य सरकार से सलाह ली है और पराली जलाने, गाड़ियों से निकलने वाला धुआं, निर्माण स्थलों की धूल, सड़क की धूल और बायोमास जलाने जैसे मुख्य कारणों पर विस्तृत कार्य योजनाएं तैयार की हैं। उन्होंने माना कि कार्यान्वयन की आवश्यकता है।*

### *पराली जलाने पर ज्यादा ध्यान देना गलत*

*शीर्ष कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि पराली जलाने पर बहुत ज्यादा ध्यान देना गलत है। सीजेआई ने कहा कि हम पराली जलाने पर टिप्पणी नहीं करना चाहते क्योंकि उन लोगों पर बोझ डालना आसान है जिनका हमारे सामने कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। यह एक ऐसी चीज बन गई है जिस पर आप आसानी से दोष मढ़ सकते हैं। कोरोना काल के दौरान हुए बड़े बदलावों की ओर इशारा करते हुए बेंच ने पूछा कि कोविड के समय में भी पराली जल रही थी, फिर भी आसमान नीला क्यों था? किसी को इसका जवाब देना होगा।*

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
2 दिसम्बर, 2025


## शहर में 12 दिसंबर तक लगेगा 'दूध का दूध, पानी का पानी' निःशुल्क दूध जांच शिविर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. (सरस डेयरी) की ओर से उपभोक्ताओं को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण दूध उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 'दूध का दूध, पानी का पानी' निःशुल्क जांच शिविरों की श्रृंखला शुरू कर दी गई है। यह शिविर 2 दिसंबर से 12 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन शहर के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होंगे। शिविर का समय सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित किया गया है सरस डेयरी के प्रबंधक ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को शुद्ध दूध की पहचान और गुणवत्ता संबंधी जानकारी प्रदान करना है। उपभोक्ता अपने घर या बाजार से लाया हुआ दूध, दूध उत्पाद व घी की निःशुल्क जांच करवा सकेंगे। शिविरों में सरस डेयरी के विशेषज्ञ एवं सेल टेरिटरी अधिकारी जांच प्रक्रिया का संचालन करेंगे।

## विधायक महंत बालकनाथ योगी ने सुनी आमजन की समस्या, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधानसभा तिजारा क्षेत्र अन्तर्गत में विधायक महंत बालक नाथ योगी ने भिवाड़ी, टपूकड़ा व तिजारा में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों से पंहुचे आमजन से मिलते हुए उनकी समस्याओं को सुना व समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान कहा कि तिजारा विधायक निर्वाचित होने के बाद से ही वह लगभग 2 वर्ष से निरन्तर आमजन के मध्य रहकर उनकी समस्याओं को न केवल सुन रहे बल्कि समाधान के लिए निरन्तर अधिकारियों को निर्देशित करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिजारा की जनता का उनसे अत्यधिक लगाव है जिसका एक कारण तिजारा में साधु संतो और योगेश्वरों के सिद्ध स्थल होना है। उन्होंने कहा की विधानसभा क्षेत्र में सांसद काल से ही उनका विशेष जुड़ाव रहा है और जबकि तिजारा की जनता जनार्दन ने उन्हें विधायक के रूप में सेवा के लिए चुना है तो वह अधिक से अधिक तिजारा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा अब विधानसभा क्षेत्र में पहले की अपेक्षा अपराध कम हुए हैं पुलिस और प्रशासन के द्वारा मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। जनता जनार्दन को शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली जैसी छोटी मोटी समस्याओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा है। लव-जेहाद, गोतस्करी व अन्य संवेदनशील अपराधों के लिए अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जनता से जुड़े लंबित कार्यो की भी समय समय पर मॉनिटरिंग की जाती है और उनका निपटारा संबंधित विभागों द्वारा किया जाता है।

## मोबाइल रिपेयरिंग के 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्र इच्छुक व्यक्ति कर सकते है आवेदन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आरसेटी निदेशक जे पी मीणा ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी ) के प्रतापबास अलवर स्थित सामुदायिक भवन केशव नगर स्कीम न. 13 में आरसेटी के कार्यालय में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले पुरुषों का मोबाइल रिपेयरिंग का 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिसम्बर माह के द्वितीय सप्ताह में किया जाएगा। इस दौरान जिसमे प्रशिक्षणकर्ता की रहने -खाने, चाय व नाश्ते की भी निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। अतः ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक व्यक्ति संस्थान के कार्यालय से प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिए जाएंगे, अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नं. 0144-2940830, 9462194801 पर प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

### आवेदन हेतु योग्यता

उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता की उम्र 18 से 45 वर्ष और शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8वीं पास होना आवश्यक है। आवेदनकर्ता अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गाँव का स्थाई निवासी हो तथा स्वयं सहायता समूह, बी पी एल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा प्राप्त परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत आते हैं आवेदन हेतु पात्र है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य, फुलेरा विधानसभा के पर्यवेक्षक अधिकारी सम्मानित

**फुलेरा(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र फुलेरा में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत परीगणना प्रपत्रों के संवहन एवं ऑनलाइन डिजिटाइजेशन कार्य में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले पर्यवेक्षक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखंड अधिकारी ऋषि राज कपिल ने उपखंड कार्यालय में माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर पर्यवेक्षक अधिकारियों का सम्मान किया। फुलेरा क्षेत्र में 100 प्रतिशत ऑनलाइन डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करवाने वाले अधिकारी शिवपाल बाज्या भाग संख्या 01 से 05 रामफूल फुलवारिया भाग संख्या 111 से 120 बनवारी लाल मीणा भाग संख्या 171 से 180 रमेश चंद रैगर भाग संख्या 200 से 209 इन सभी अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ BLO के माध्यम से पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुगमता मजबूत हुई। कार्यक्रम में सूर्यकांत शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका किशनगढ़-रेनवाल, राहुल गुप्ता, नवीन नेहरा, ऋतुराज सैनी, सोहन चौधरी सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ऋषि राज कपिल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है और इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी वास्तव में सराहना के पात्र हैं।



# वर्तमान सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक

### अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्तमान सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित होने वाले 15 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के सफल और प्रभावशाली आयोजन सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिले में स्वच्छ भारत अभियान के तहत मन्दिरों एवं स्मारकों आदि की साफ़ सफाई करवाई जाएगी तथा 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त रक्तदान शिविरों तथा आरोग्य कैम्पों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों से इन गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए सभी तैयारियां पुख्ता करने के लिए कहा। मिशन लाइफ के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक, ई-वेस्ट प्रबंधन एवं सॉलिड वेस्ट प्रबंधन पर समस्त जिलों में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रमों की श्रंखला में विभिन्न दिवसों पर महिला सम्मेलन, किसान सम्मेलन, रन फोर विकसित राजस्थान, युवा- रोजगार दिवस, पर्यावरण संरक्षण अभियान, पर्यटन कॉन्क्लेव, सुशासन दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा की रोजगार नीति, खेल नीति, पर्यटन नीति, फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति इत्यादि नीतियों का विमोचन भी किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राज्य सरकर के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला विकास पुस्तिका का प्रकाशन एंव प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है जिसके लिए उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति, विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन जानकारी कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सभी घोषणाओं को समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को टाइमलाइन के अनुसार परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमीवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश, सहायक अभियंता बिजली विभाग भीम सिंह, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## शुध्द आहार मिलावट पर वार अभियान मैं स्कूली बच्चों को दी जागरूकता की जानकारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एवं जिला कलेक्टर अलवर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ योगेंद्र शर्मा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत अलवर शहर की चिनार स्कूल एवं डीपीएस स्कूल में विद्यार्थियों को मिलेट्स के बारे में जागरुक कर जानकारी दी गई एवं खाद्य पदार्थ के फोर्टिफिकेशन की भी जानकारी प्रदान की गई एवं रोजाना उपयोग में लिए जा रहे खाद्य तेल को बार-बार गर्म कर कम से कम काम में लेने के बारे में जागरूक किया गया, अपने खाद्य पदार्थों में नमक चीनी एवं तेल को कम उपयोग में लेने के लिए जागरूक किया गया, विद्यार्थियों को जंक फूड खाने से बचने को जागरूक किया गया एवं अपने खाने में हेल्दी फूड के रूप में मौसमी हरी सब्जियां एवं फलों के उपयोग को अधिक से अधिक लेने के लिए जागरूक किया गया, आयुक्त लेकर निर्देशानुसार पूर्व में ऐसे खाद्य प्रतिष्ठान जिनके नमूने असुरक्षित श्रेणी के पाए गए थे उनके दोबारा नमुनीकरण के आदेश प्राप्त हुए हैं जिसके तहत आज ग्रहणी मसाला उद्योग आटा वाली गली अलवर से हल्दी पाउडर का नमूना, जैन मसाला उद्योग केड़लगंज से लाल मिर्च पाउडर का नमूना एवं योगेश मिष्ठान भंडार मोहना बाबा की प्याऊ बस स्टैंड से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया गया, लिए गए उक्त नमूने अगर दोबारा असुरक्षित श्रेणी के पाए जाते हैं तो उक्त प्रतिष्ठानों के लाइसेंस को निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी, उक्त कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, अशोक लखेरा एवं विश्व बंधु गुप्ता उपस्थित रहे।

## पिंक पखवाड़ा की हुई शुरुआत एनीमिक महिलाओं के लगेंगे एफसीएम इंजेक्शन

### 'एनीमिया से न घबराएं, एफसीएम से हीमोग्लोबिन बढ़ाएं' - सीएमएचओ

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिले को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सोमवार से एक विशेष अभियान 'पिंक पखवाड़ा' की शुरुआत की है, जो 15 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं में खून की कमी को दूर कर उन्हें एनीमिया मुक्त कर स्वस्थ बनाना है। सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए जीवनदान साबित होगा जो गंभीर एनीमिया से जूझ रही हैं। क्योंकि विभाग पीसीटीएस एवं अन्य स्तर से गंभीर एनीमिक महिलाओं को चिन्हित कर पखवाड़े के दौरान एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सि माल्टोज) इंजेक्शन लगाया जाएगा। इसके लिए बकायदा जिलास्तर से सभी चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आरसीएचओ डॉ. मंजु शर्मा ने बताया कि जिन गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर बहुत कम है तथा उन्हें आयरन की गोलियां पर्याप्त मात्रा में लेने के बावजूद हीमोग्लोबिन स्तर में वृद्धि नहीं हो रही उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के बाद एफसीएम इंजेक्शन लगाए जाएंगे। यह सुरक्षित है और इससे शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर तेजी से बढ़ता है। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के दिन (प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख) की जा रही है। इसके साथ ही उन्हें आयरन के प्राकृतिक स्त्रोतों एवं खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें दवा के साथ-साथ खान-पान में आयरन युक्त आहार (हरी सब्जियां, गुड़, चना आदि) शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि आशा सहयोगिनियां और एएनएम पीएमएसएमए के दौरान हाई-रिस्क वाली महिलाओं को चिन्हित कर अस्पताल पहुंचाएंगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे एनीमिया (खून की कमी) को हल्के में न लें। चक्कर आना, थकान महसूस होना या सांस फूलना जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करवाएं और इस अभियान का लाभ उठाएं। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ योगेंद्र शर्मा, आरसीएचओ डॉ मंजु शर्मा, पीएमओ डॉक्टर सुनील चौहान, डॉ टेकचंद मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा एवं गृह राज्यमंत्री बेढम ने गीतांजलि हॉस्पिटल के शुभारम्भ कार्यक्रम में की शिरकत

### प्रदेश का चहुंमुखी व सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मूंगस्का स्थित गीतांजलि हॉस्पिटल शुभारम्भ कार्यक्रम में शिरकत की।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में मेडिकल सेक्टर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा न केवल चिकित्सा बल्कि सडक, विद्युत, पेयजल, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखते हुए प्रतिबद्धता के साथ काम किया किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर को प्राथमिकता में रखते हुए विकास की विभिन्न सौगाते दी गई है, जिनमें बायोलोजिकल पार्क, साइंस पार्क, प्लेटेनेरियम आदि महत्वपूर्ण सौगाते शामिल है। उन्होंने कहा कि शहर की पेयजल समस्या हेतु विधायक निधि की सम्पूर्ण राशि पेयजल को समर्पित की गई जिससे शहर की पेयजल व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिले को स्वच्छता के क्षेत्र में देश व प्रदेश के टॉप शहरों में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि गीतांजलि हॉस्पिटल शुभारम्भ पर डॉ. राजवीर चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस हॉस्पिटल से शहर के लोगों की सुविधाओं में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अगुवाई में चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करना राज्य सरकार प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिकित्सकीय तंत्र को तकनीकी स्वरूप प्रदान आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, राजेंद्र कसाना, रमन गुलाटी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## अलवर पुलिस द्वारा साइबर संग्राम अभियानः इंस्टीट्यूट सिविल सर्विस में बताया गया साइबर क्राइम के बारे में और लोगों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला अलवर पुलिस द्वारा साइबर संग्राम अभियान के तहत आधार Institute Civil Services में साइबर क्राइम के बारे में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला अलवर सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर काइम के बारे में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कांबले शरण गोपीनाथ (आई.पी.एस.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर के द्वारा सोमवार को आधार Institute Civil Services जिला अलवर में साइबर काइम व 1930 नम्बर के बारे में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें आधार Institute Civil Services जिला अलवर के अध्यापक/अध्यापिकाओं व छात्र/छात्राओं को साइबर काइम व 1930 नम्बर के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरतने की अपील की है:- जिसमे ओटीपी/पिन नम्बर शेयर नहीं करें, ऑनलाईन अकान्टस/नेट बैंकिंग के Alphanumeric Special Character के साथ Complex पासवर्ड रखें, नाम/मोबाईल नंबर / जन्म तिथि को पासवर्ड नहीं बनायें, लॉटरी/कैशबैक/रिफण्ड/जॉब्स/गिफ्ट / रिवार्ड इत्यादि ऑनलाईन प्रलोभनों से सावधान रहें। उन्होंने बताया कि यूपीआई पिन व क्यूआर कोड स्कैन का प्रयोग केवल भुगतान करने के लिए किया जाता है, न कि धनराशी प्राप्त करने के लिए। वहीं बताया गया कि सोशल मीडिया अकाउन्ट्स पर Two Step Verification ऑन रखे, कस्टमर केयर के नंबर कभी भी गूगल से सर्च नहीं करें, केवल आधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त करें, अनजान लोगो से प्राप्त होने वाली वीडियो कॉल रिसीव नहीं करें और ना ही फ्रेन्ड रिक्वेस्ट स्वीकार करे, पब्लिक झ्द्वद्धद्ध में ऑनलाईन शॉपिंग व बैंकिंग ट्रांजक्शन नहीं करें, अनजान क्यूआर कोड, स्कैन/लिंक पर क्लिक नहीं करे, अनजान व्यक्ति के कहने पर Remote Access, Apk File, Anydesk, Teamviewer, Airdrop इत्यादि एप्लीकेशन इन्सटॉल या डाउनलोड नहीं करे, ऑनलाईन सोशल साईट्स पर पर्सनल फोटो / वीडियो शेयर नहीं करे, Like/Review/Ratings के नाम पर घर बैठे रूपये कमाने के लालच नहीं आवें और ना ही इन्वेस्ट करे, आरबीआई द्वारा स्वीकृत बैंकिंग / नॉन बैंकिंग वित्तिय संस्थानों के अधिकृत लॉन ऐप से ही लॉन लेवें साथ ही शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने के झांसे में आकर इन्वेस्ट नहीं करें। आमजन से अपीलः- साइबर क्राईम / फॉड की घटना होने पर 1930 नम्बर या cybercrime.gov.in पर एवं अलवर निवासी 8764874306 पर कॉल कर तुरन्त शिकायत दर्ज करावें या अपने संबंधित थाने पर शिकायत दर्ज करावें।

## जिला कलक्टर ने ली जयपुर विद्युत विभाग में संचालित योजनाओं, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

### ई वी के लिए अलवर शहर समेत जिले में 50 चार्जिंग स्टेशन के लिए स्थान होंगे चिन्हित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जयपुर डिस्कॉम विद्युत विभाग (जेवीवीएनएल) में संचालित योजनाओं की समीक्षा कर निर्देशित दिए कि पीएम सूर्य घर योजना सहित सोलर योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्य को अर्जित करने हेतु साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जिला कलक्टर ने जयपुर डिस्कॉम में संचालित योजनाओं, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधीक्षण अभियन्ता जयपुर डिस्कॉम एवं प्रसारण निगम को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय रखते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिये कि पीएम सूर्यघर योजना के निर्धारित लक्ष्य को अर्जित करने हेतु साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक कार्य योजना बनाकर गम्भीरता से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि 2 फरवरी को आयोजित होने वाली आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व ही पीएम सूर्यघर योजना में अलवर जिला जयपुर डिस्कॉम में प्रथम रैंक पर रहे तथा मार्च 2026 तक अलवर जिले को प्रदेश में टॉप 5 जिले में लाए। उन्होंने निर्देश दिये कि बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य करते हुए अलवर जिले के किसानों को कृषि कार्य हेतु अधिकतम दिन में ही विद्युत सप्लाई देने का प्रयास करें। उन्होंने इस संदर्भ में फीडर सुधार कार्य व नए फीडर शुरू करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर समेत जिले में ईवी चार्जिंग हेतु करीब 50 नए चार्जिंग स्टेशन के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर आगामी 3 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने बजट घोषणाओं समेत अन्य सभी कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि जो कार्य प्रगतिरत हैं उन्हें गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। जिन कार्यों के लिए भूमि आवंटन आदि के कार्य लम्बित है उन्हें संबंधित उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर निस्तारित करावे। बैठक में जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियन्ता राधेश्याम बंसल, वितरण निगम के अधीक्षण अभियन्ता महीपाल सिंह यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल

## शहर में शीत ऋतु में आश्रय विहीन लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाने के लिए दो 'बसेरा वाहिनी' संचालित की

### दूरभाष नंबर पर सम्पर्क करने पर रैन बसेरों तक पहुंचाने का काम करेंगी बसेरा वाहिनी

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर नगर निगम अलवर द्वारा सर्दी के बढते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए 'कोई खुले में ना सोए' की भावना से प्रेरित होकर अलवर नगर निगम क्षेत्र के आश्रय स्थलों में सभी आधारभूत व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के साथ आश्रय विहीन लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाने के लिए 02 बसेरा वाहिनी संचालित की है, नगर निगम द्वारा जारी दूरभाष नंबर पर सम्पर्क करने पर बसेरा वाहिनी आश्रय विहीन व्यक्ति को रैन बसेरा तक पहुँचाएगी। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार शहर में आश्रय विहिन लोगों को सर्दी के मौसम से बचाने के लिए रात्रि में शहर के विभिन्न स्थानों पर खुले में सोने वाले लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाने हेतु 2 बसेरा वाहिनी चलाई गई है। उन्होंने बताया कि ये दोनों वाहन रात्रि 8 बजे से खुले में सोने वाले लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगी। किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति द्वारा नगर निगम के दूरभाष नं. 0144-2700466, मोबाइल नं. 8949477947 पर सूचित करने पर बसेरा वाहिनी संबंधित व्यक्ति को बैठाकर रैन बसेरों में पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि शीत ऋतु में ठण्ड से ठिठुरते हुए असहाय व्यक्तियों को आश्रय हेतु रैन बसेरों में पहुंचाने के लिए इन दूरभाष व मोबाइल नम्बरों पर सूचित कर मानवता के प्रति भागीदारी निभावे।

## फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुलिस को बड़ी सफलता




जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)।** सांभर थाना पुलिस ने गंभीर मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी ईश्वर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले कई दिनों से पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादिया निवासी रज्जनी पत्नी लक्ष्मण जाति बावरिया निवासी शयामी की ढाणी ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि आरोपी उसके पति के साथ गंभीर मारपीट की थी। इस संबंध में थाना सांभरलेक में मुकदमा संख्या 166/2025 दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार था। इसकी गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, पुलिस उप अधीक्षक अनुपम मिश्रा के निर्देशन में टीम गठित की गई। थाना अधिकारी राममिलन मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार निगरानी कर रही थी। तकनीकी व मानव स्रोतों की सहायता से पुलिस ने आरोपी का लोकेशन ट्रैस कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा ने जारी किया कार्यकर्ता सुनवाई का विस्तृत शिड्यूल, सप्ताह में 3 दिन, प्रत्येक दिन दो मंत्री–दो पार्टी पदाधिकारी करेंगे सुनवाईः– मुकेश दाधीच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में 1 दिसंबर सोमवार से कार्यकर्ता सुनवाई शुरू की गई। पार्टी द्वारा दिसंबर माह के चार सप्ताह के लिए उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगणों की कार्यकर्ता सुनवाई का विस्तृत शिड्यूल जारी किया गया है। दाधीच ने बताया कि प्रथम सप्ताह में 2 दिसंबर, मंगलवार को कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और बाबूलाल खराड़ी तथा 3 दिसंबर बुधवार को गजेन्द्र सिंह खींवसर और मंजू बाघमार कार्यकर्ता सुनवाई करेंगे। इसी तरह द्वितीय सप्ताह में 8 दिसंबर सोमवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और झाबर सिंह खर्रा, 9 दिसंबर मंगलवार को डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और हीरा लाल नागर तथा 10 दिसंबर बुधवार को कन्हैया लाल चौधरी और के. के. विश्नोई कार्यकर्ताओं के क्षेत्र की समस्याएं सुनेंगे। वहीं तृतीय सप्ताह में 15 दिसंबर सोमवार को मदन दिलावर और गौतम कुमार दक, 16 दिसंबर मंगलवार को जोगाराम पटेल और संजय शर्मा तथा 17 दिसंबर बुधवार को सुरेश सिंह रावत और जवाहर सिंह बेडम द्वारा कार्यकर्ता सुनवाई की जाएगी। चतुर्थ सप्ताह में 22 दिसंबर सोमवार को अविनाश गहलोत और विजय सिंह चौधरी तथा 23 दिसंबर मंगलवार को सुमित गोदारा और हेमन्त मीणा सुनवाई करेंगे। प्रदेश कार्यालय में आयोजित इन सुनवाई दिवसों पर कार्यकर्ता अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कर सकेंगे। इस दौरान सभी तारीखों पर पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## सीईओ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यो का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण किया जाना सभी जिला स्तरीय अधिकारियों का दायित्व है। जिस विभाग को परिवेदना प्राप्त होती है। उसका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित की जाने वाली जिला दर्शन पुस्तिका एवं जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए सभी विभागों को उनसे सम्बन्धित उपलब्धियों को सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी को शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय-समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों द्वारा की जा रही फसल बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजाखेड़ा उपखंड में पोस्टिक पोस्ट अनाज योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय रोड शो का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर** राजाखेड़ा उपखंड में पोस्टिक पोस्ट इस अनाज योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया राजाखेड़ा में सोमवार को सहायक कृषि निदेशक धौलपुर के निर्देशानुसार राजाखेड़ा में कृषि विभाग के द्वारा मोटे अनाज को लेकर एक ब्लॉक स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया । जिसमें डबल ए ओ (.ह) रामविलास ने बताया कि राज्य सरकार कृषि में सुधार हेतु मोटे अनाजों को लेकर उनके संवर्धन में किसानों को जागरूक करना चाहती है जिससे कृषि कृषि उत्पादन में वृद्धि एवं मूल्य संवर्धन में सुधार और घरेलू उपयोग में अनाजों में वृद्धि हेतु किसानों को आज राजाखेड़ा कृषि विभाग द्वारा वाहनों को सजाकर एवं माइक लगाकर राजाखेड़ा हाट मैदान, सिकरौदा, छीतापुर, देवदास का पूरा, सिंगावाली खुर्द एवं सिंगरौली कला और देवखेड़ा के साथ राजाखेड़ा कस्बा में रोड शो शो का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संबंधित गांव के किसानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

# क्रोनो नेशनल पार्क से आए चीते को लेकर प्रदेश के बारा जिले के कई गांव में दहशत

### मध्य प्रदेश के पेज बाघ अभ्यारण से बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने में पांचवें दिन भी वन अधिकारी सफल नहीं हुए



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मध्य प्रदेश के कोरोना नेशनल पार्क से मदमस्त होकर घूमता हुआ चिता प्रदेश के प्रदेश के बारा जिले के जंगल में पहुंच गया है कुछ दिन पहले शाहाबाद इलाके के जंगल में इस चीते का मूवमेंट देखा गया था और अब रामगढ़ के जंगल में चीते का मूवमेंट देखा गया है वन विभाग के अधिकारी लगातार चीते के मूवमेंट को ट्रेस कर रहे हैं और इसे वापस क्रोनो नेशनल पार्क की ओर लेकर जाने का प्रयास भी कर रहे हैं फिलहाल इस चीते का मूवमेंट रामगढ़ के जंगल में देखा गया है इस चीते ने एक भारी भरकम नीलगाय का शिकार भी किया था शिकार करते हुए चीते का दृश्य वीडियो रिकॉर्डिंग में दर्ज भी हुआ है चीते के हर पल के मोमेंट पर वन विभाग के अधिकारी कड़ी निगरानी रखे हुए हैं और आसपास की आवासीय बस्तियों के लोगों को भी अलर्ट किया गया है क्योंकि हो सकता है चीता जंगल से निकलकर आवासीय बस्ती में भी घुस जाए इसलिए आसपास के गांव के लोगों में भी यह चीता आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है ग्रामीण रात को सोते नहीं है बल्कि अपने घर पर पहरा देते हैं क्योंकि यह चिता काफी खतरनाक बताया जा रहा है जिस तरह से इसने अपने से ज्यादा भारी भरकम नीलगाय का शिकार किया उसके बाद इस चीते की ताकत को देखकर वन विभाग के अधिकारी भी काफी दंग रह गए वन विभाग के अधिकारियों का भी कहना है कि यह अपने आप में एक पहला उदाहरण है जब चीते ने अपने से ज्यादा भारी भरकम नीलगाय का शिकार किया हो वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस चीते को राजस्थान और मध्य प्रदेश की हवा और वातावरण खूब पसंद आ रहा है जिसकी वजह से यह मदमस्त होकर जंगल में घूम रहा है उधर प्रदेश के वन विभाग के अधिकारियों और एक कर्मचारी की टीम पिछले 5 दिन से मध्य प्रदेश के पेज बाघ अभ्यारण में बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने में सोमवार को पांचवें दिन भी सफल नहीं हुई हालांकि बाघिन नजर भी आई थी और उसे ट्रेंकुलाइज करने की कोशिश करने के बारे में तैयारी भी की गई लेकिन बाघिन का मूवमेंट बिल्कुल तालाब के पास में था इसलिए ट्रेंकुलाइज के बाद कहीं बाघिन तालाब में नहीं गिर जाए इसलिए ट्रेंकुलाइज के प्रयास को रोक दिया गया उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के इस अभयारण्य से राजस्थान में एक बाघिन को शिफ्ट किया जा रहा है इसके लिए राजस्थान और मध्य प्रदेश के वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम बाघिन को कब्जे में करने के प्रयास में पिछले 5 दिन से छुट्टी हुई है लेकिन करने के प्रयास में पिछले 5 दिन से जुटी हुई है लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली ।

## रेनवाल मांजी में प्रबल कार्यक्रम आयोजितः स्टूडेंट्स ने 21वीं सदी के कौशल का किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निसं.)।** कस्बे के डिग्गी रोड़ स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल रेनवाल मांजी में राजस्थान सरकार के प्रबल कार्यक्रम का ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशलों से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जीवन कौशल, स्व-जागरूकता, टीमवर्क, समस्या समाधान, डिजिटल साक्षरता और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर आधारित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार किए गए 14 थीम आधारित सत्रों ने छात्रों की सोच और प्रस्तुति में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना के साथ हुआ, जिसका नेतृत्व अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमा मीणा (मुख्य संयोजक) और प्रधानाचार्य भंवरलाल जांगिड़ (सहसंयोजक) ने किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रहलाद मीणा ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'प्रबल कार्यक्रम छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने का एक शानदार मंच है।' दिनभर मंच पर आशु भाषण, पैनल डिस्कशन, नाटक, पोस्टर मेकिंग और टीम-एक्टिविटी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। छात्रा निशा बैरवा (कक्षा 11, पीएम श्री उ.मा.वि. रेनवाल मांजी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रों की श्रेणी में विकास यादव (कक्षा 12, रा.उ.मा.वि. गोहन्दी) ब्लॉक स्तर पर प्रथम रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमा मीणा, प्रधानाचार्य भंवरलाल जांगिड़, व्याख्याता भंवर सिंह नरूका, नवीन कुमार जैन, ओमप्रकाश चौधरी, विजेता सेन, ममता जाट, सरिता मूंड, सीमा गोधा, सीमा खारवाल, हेमेंद्र शर्मा, श्यामलता शर्मा, ग्रामीण पेरेंट्स, एसडीएमसी सदस्य और अन्य मेहमान मौजूद रहे। सैकड़ों विद्यार्थियों ने गतिविधियों में भाग लेकर अपनी रचनात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया।

## जिले मिड डे मील व पन्नाधाय वाल गोपाल दूध योजना उधारी की भेंट चढ़ी

### अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आयुक्त को भेजा ज्ञापन

### स्कूलों क़ो पांच महीनो से नहीं मिला पोषाहार का बजट कुक कम हेल्पर्स मानदेय क़ो तरसी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** जिले के सरकारी स्कूलों में तैनात करीब ढाई हजार मिड डे मील वर्कर्स को बीते 5 माह से मानदेय भुगतान कराने, बच्चों के दोपहर के खाने का पैसा और दूध योजना का बीते 2 साल से लंबित बजट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से नहीं दिए जाने को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आयुक्त मिड डे मील को ज्ञापन भेजकर सरकारी योजनाओं के सुचारू एवं प्रभावी संचालन हेतु तय गाइड लाइन के तहत सभी स्कूलों को मिड डे मील की तीन माह की राशि अग्रिम दिए जाने तथा दूध व पोषाहार की लंबित राशियों का जल्द बजट उपलब्ध कराने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने आयुक्त को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि जिले में पीएम पोषण( मिड डे मील) व पन्नाधाय बाल गोपाल योजना विभागीय उदासीनता के चलते लंबे समय से उधारी की भेंट चढ़ी हुई है। हालात इस कदर खराब है कि पिछले 5 माह से जिले के स्कूलों को कुकिंग कन्वर्जन कॉस्ट व कुक मानदेय राशि एवं करीब दो साल से पन्नाधाय बाल गोपाल योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में इतने लंबे समय तक स्कूलों को बजट राशि जारी नहीं करने से कैसे योजनाओं का प्रभावी संचालन हो इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते अल्प मानदेय कर्मी कुक कम हेल्पर्स को बीते 5 माह से मानदेय के लिए तरसना पड़ रहा है। वहीं बिना पैसे के योजना को संचालित करने में शिक्षकों को बेहद मुश्किल आ रही है। विभागीय तय गाइडलाइन की सख्त पालन कराते हुए स्कूलों को मिड डे मील व वाल गोपाल योजना के सुचारू एवं प्रभावी संचालन हेतु तीन माह की अग्रिम राशि उपलब्ध कराने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित कराने,डीईओ धौलपुर को पाबंद कर जिले के सभी स्कूलों को जुलाई से लंबित पोषाहार लागत राशि एवं कुक कम हेल्पर्स के लंबित मानदेय का बजट जल्द जारी कराने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### पन्नाधाय बाल गोपाल योजना का पैसा भी स्कूलों को दो सालों से नहीं मिला

महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने मिड डे मील आयुक्त को प्रेषित ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पन्नाधाय बाल गोपाल योजना कीराशि भी करीब दो साल से स्कूलों को नहीं मिली है। पिछले 6 माह से तो बजट आवंटन की फाइल डीईओ, कलक्टर कार्यालय व कोष कार्यालय में घूमती रहती है। हालात ये हैं कि दूध योजना के तहत स्कूलों को चीनी व गैस की मार्च 2024 तथा दूध गर्म करने वाले व्यक्ति (कुक) मानदेय राशि का बजट जनवरी 2024 से नहीं मिला है। जिस से स्कूलों पर हजारों रुपए की उधारी चढ़ चुकी है। महासंघ ने सरकार से स्कूलों को बजट आवंटन की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए समय पर बजट आवंटन राशि जारी नहीं करने वाले जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी को तय समय सीमा निर्धारित कर जवाबदेही सुनिश्चित कराते हुए देरी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

## दरबार स्कूल में सतत विकास पर सेमिनार, छात्रा कोमल माथुर ने दिया प्रभावी प्रेजेंटेशन



जयपुर टाईम्स

**सांभर(निसं.)।** पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को सतत विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। अहमदाबाद स्थित धीरूभाई अंबानी विश्वविद्यालय की छात्रा कोमल माथुर ने पर्यावरण, समाज और सरकार से जुड़े मुद्दों पर अपना प्रोजेक्ट प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विषय की गंभीरता और भविष्य में इसकी आवश्यकता को समझा। कोमल माथुर, जिन्होंने इसी वर्ष मणिपाल यूनिवर्सिटी से लॉ स्नातक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है, ने सरल भाषा में सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखकर कोमल के पिता, स्थानीय नमक व्यवसायी एवं भामाशाह अखिलेश माथुर ने विद्यालय में बास्केटबॉल मैदान के निर्माण की घोषणा की, जिसे अत्यंत आवश्यक समझा गया। प्रधानाचार्य टीकम चन्द मालाकार सहित विद्यालय स्टाफ ने कोमल माथुर और भामाशाह अखिलेश माथुर का साफा, दुपट्टा एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया तथा इस सराहनीय सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एनीमिया प्रबंधन के लिए 15 दिसंबर तक चलेगा पिंक पखवाड़ा

### गर्भवती व धात्री महिलाओं में खून की कमी दूर करने हेतु लगेंगे फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन

जयपुर टाईम्स

**धौलपुर(निसं.)** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पिंक पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसका विधिवत शुभांरभ जिला अस्पताल धौलपुर से सोमवार को किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने क्षेत्र में पखवाड़े की संपूर्ण तैयारी के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार सभी संस्था पर एफसीएम इंजेक्शन एवं एनएस 100, एफसीएम रिपोर्टिंग रजिस्टर जिसमें समस्त बेनिफिशियरी की रिकॉर्ड संधारण किया जा सके। सभी एएनएम को पीएससी इंचार्ज द्वारा एनीमिक गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्ट उपलब्ध करवाई जाए, सभी संस्थाओं पर एनाफायलिटिक किट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा सभी संस्था पर पिंक पखवाड़ा का बैनर लगा हो। आरसीएचओ डॉ शिव कुमार शर्मा ने बताया कि पिंक पखवाड़े की रिपोर्टिंग प्रतिदिन की जाएगी इस हेतु ऑडीके एप उपलब्ध करा दिया जाएगा। समस्त रिकॉर्ड पीटीएस में भी इंद्राज किया जाएगा। जिसमें एफसीएम हेतु अलग से एंट्री का प्रयोजन कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि एफसीएम इंजेक्शन डीडीडब्लू पर उपलब्ध है अतः जिस भी संस्था पर एफसीएम इंजेक्शन एवं एनएस 100 नहीं है वे इंटेंट कर मंगवाना सुनिश्चित करें तथा समस्त तैयारी रिपोर्ट जिला स्तर पर भिजवाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस हेतु ब्लॉक स्तर पर एक सुपरवाइजर नियुक्त कर जिम्मेदारी दी जाए ताकि संबंधित रिपोर्ट एवं किसी भी तरह की समस्या हो तो अवगत कराया जा सके। आपको समय पर अवगत करा सके और समाधान हो सके।

## हरियाणा के बाद बिहार में भी भाजपा की शानदार जीत, यह जनता के भरोसे की जीत : डॉ. सतीश पूनिया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा के बाद अब बिहार में भाजपा की शानदार जीत यह साबित करती है कि भारतीय जनता पार्टी आज भी जनता के बीच सबसे लोकप्रिय पार्टी है और देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा विश्वास करती है। डॉ. पूनिया ने कहा कि भाजपा बूथ स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक संगठन की दृष्टि से बेहद मजबूत पार्टी है। इसी संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि लोग लगातार भाजपा पर भरोसा जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार ने आजीविका, कानून-व्यवस्था और विकास के मोर्चे पर प्रभावी काम किया है, जिसका प्रतिफल जनता ने भाजपा को समर्थन और बहुमत देकर दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा रोजगार के अवसर बढ़ाने, गरीब एवं सामान्य वर्ग के कल्याण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए जो कदम उठाए गए, उनसे आम जनता में विश्वास मजबूत हुआ है। कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधारने और विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रयासों को लोगों ने महसूस किया और उसका परिणाम चुनावी विजय के रूप में सामने आया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चल रही चर्चाओं पर डॉ. पूनिया ने कहा कि इस संबंध में अंतिम निर्णय भारतीय जनता पार्टी का आलाकमान और संसदीय बोर्ड ही लेगा, वही आधिकारिक होगा। चर्चाएं राजनीति का सामान्य हिस्सा हैं। मंत्रिमंडल विस्तार पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। जब मुख्यमंत्री को आवश्यकता लगेगी, तभी मंत्रिमंडल का विस्तार या पुनर्गठन किया जाएगा, अभी इस पर कुछ भी निश्चित तौर पर कहना जल्दबाज़ी होगी।

## मंगलवार को जिला परिषद सभागार में होगा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

### राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग की पहल

### पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व पर होगी चर्चा

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग द्वारा राज्य के ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति, उसके निहितार्थों एवं अनुभवजन्य स्थिति का समसामयिक एवं प्रमाण आधारित अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन के आधार पर आयोग द्वारा स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण संबंधी अनुशंसाएं निर्धारित समय में राज्य सरकार को प्रस्तुत की जानी है। आयोग द्वारा जयपुर जिला हेतु एक विचार एवं चर्चा कार्यक्रम (जन संवाद कार्यक्रम) का आयोजन जयपुर जिला परिषद सभागार में मंगलवार, दिनांक 02 दिसंबर 2025 मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया को नोडल अधिकारी एवं नगर निगम उपायुक्त कविता चौधरी को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश (सेनि.) मदनलाल भाटी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जयपुर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पहलुओं पर स्थानीय प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों, समाज के प्रबुद्धजनों एवं संबंधित हितधारकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है, ताकि आयोग को अनुभवजन्य तथ्य एवं व्यावहारिक सुझाव प्राप्त हो सकें। उन्होने बताया कि इस अध्ययन और संवाद प्रक्रिया के माध्यम से ओबीसी समुदाय की वास्तविक स्थितियों, चुनौतियों एवं प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों को वैज्ञानिक तरीके से समझने में सहायता मिलेगी, जिससे आयोग अपनी अनुशंसाएँ और अधिक सटीक एवं प्रभावी रूप में राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक प्रतिनिधियों और संबंधित नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है।

# लोकतंत्र की सेहत पर सवाल



दिल्ली में सर्दियां शुरू हो गई हैं, लेकिन राजधानी में राजनीतिक पारा चढ़ने वाला है। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। एक दिसंबर से शुरू होने वाला यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा। यानी संसद करीब 15 दिन ही चलेगी। यह सूचना भले ही प्रशासनिक कागजों में दर्ज हो, पर उसके भीतर देश की राजनीति की एक गहरी बेचैनी छिपी है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब संसद के सत्र छोटे होने लगते हैं तो यह कुछ और नहीं जनता की आवाज का सिकुड़ना ही है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में जहां पांच सौ से अधिक लोकसभा सदस्य और ढाई सौ के करीब राज्यसभा सदस्य जनता की आवाज लेकर सदन में पहुंचते हैं, वहां सवाल यह है कि क्या इन सात सौ अस्सी से अधिक प्रतिनिधियों को मात्र पंद्रह दिनों में अपनी बात कहने का अवसर मिल पाएगा? यह गणित जितना सरल दिखता है, उतना ही खतरनाक है। अगर हर सांसद को अपने क्षेत्र की ओर से सिर्फ पांच मिनट बोलने का ही अवसर मिले, तो पैंसठ घंटे से अधिक समय चाहिए। जबकि पूरे सत्र में मुश्किल से नब्बे घंटे की कार्यवाही होती है। उसमें प्रश्नकाल, विधेयक, औपचारिक भाषण और सरकार के एजेंडे का समय जोड़ दें तो बहस के लिए क्या बचता है? शायद वही, जो लोकतंत्र के पास अब धीरे-धीरे बचा रह गया है बहुत कम समय और बहुत लंबा मौन। संसद को लोकतंत्र का आत्मा कहा जाता है। यह वह जगह है जहां असहमति को जगह मिलती है और बहस के जरिये सच्चाई निकलती है। यहां जनता के सवालों को सत्ता के सामने रखा जाता है, पर पिछले कुछ वर्षों में यह आत्मा थका-सा लगने लगा है। संसद अब बहस का नहीं, बल्कि विधेयक पारित करने का केंद्र बनती जा रही है। कई बार तो लगता है कि विधेयक पहले से तय होकर आते हैं और संसद सिर्फ उस पर मुहर लगाने की औपचारिकता निभाती है। लोकतंत्र में संवाद सबसे बड़ी ताकत होती है, पर जब संवाद घटता है, तो लोकतंत्र सिर्फ औपचारिक शब्द बनकर रह जाता है। लोकतांत्रिक सरकार का अर्थ केवल सत्ता पक्ष नहीं होता, बल्कि विपक्ष भी उसका हिस्सा होता है। विपक्ष कोई विरोधी दल नहीं, बल्कि लोकतंत्र का दूसरा फेफड़ा है। जब एक पक्ष बोलता है और दूसरा सुनता है, तभी यह प्रणाली सांस लेती है, मगर अब वह सांस घुटने लगी है। संसद में विपक्ष के बोलने के समय को सीमित किया जाना, असहमति को विघ्न मान लेना और सवाल पूछने वालों को 'अव्यवस्थित' करार देना, यह लोकतंत्र के चरित्र में आई सबसे खतरनाक प्रवृत्ति है। सत्ता को हमेशा सवालों की जरूरत होती है, क्योंकि सवाल ही उसे जमीन पर रखता है, लेकिन जब सवाल पूछने वाले कम हो जाएं या उनकी आवाज दबा दी जाए तो सत्ता जवाबदेह नहीं रहकर आत्मसंतुष्ट हो जाती है। स्वतंत्रता के आरंभिक दो दशकों में संसद साल में औसतन एक सौ बीस से अधिक दिन चलती थी। अब वह संख्या आधी रह गई है। शीतकालीन सत्र का पंद्रह दिनों तक सीमित रहना उसी गिरावट का हिस्सा है। यह सिर्फ समय की कमी नहीं, अपितु लोकतांत्रिक संस्कृति के सिकुड़ने की कहानी है। संसद को अब जनता के सवालों से ज्यादा अपने कार्यक्रमों की चिंता है। बेरोजगारी, महंगाई, किसान संकट या शिक्षा पर चर्चा पीछे खिसक गई है। संसद वह जगह थी जहां जनता बोलती थी, अब वह जगह बन गई है जहां सरकार बोलती है और बाकी सिर्फ सुनते हैं। सवाल पूछना लोकतंत्र का अपराध नहीं, उसका सबसे बड़ा कर्तव्य है। हर सांसद जब अपनी सीट से खड़ा होकर कोई प्रश्न पूछता है, तो वह अपने क्षेत्र की जनता की तरफ से बोलता है। जब उसे बोलने से रोका जाता है, तो यह एक तरह से उस जनता को चुप कराने जैसा है जिसने अपने वोट से उसे संसद तक पहुंचाया। यही कारण है कि संसद में कम होते सवाल, कम होते सत्र और बढ़ता मौन एक गहरी चिंता पैदा करते हैं। लोकतंत्र की ताकत बहस में होती है और जब बहस सिमटने लगे तो समझना चाहिए कि लोकतंत्र की सेहत गिर रही है। अब संसद का मौन डराने लगा है। पहले संसद में शोर था। गुस्सा भी था। बहसें भी थीं और कभी-कभी अव्यवस्था भी देखने को मिलती थी, लेकिन उस शोर में जीवंतता की अनुभूति थी। आज बहुत कुछ सुव्यवस्थित है, शांत है, तय है। शायद यही शांति लोकतंत्र की सबसे बड़ी बीमारी बन गई है, क्योंकि जो संसद बोलना बंद कर देती है, वह जनता से सुनना भी बंद कर देती है। पंद्रह दिन का सत्र किसी राजनीतिक गणना का नतीजा हो सकता है, पर यह जनता के प्रतिनिधित्व के आत्मा पर प्रहार है। इतने कम समय में न कोई गहरी चर्चा हो सकती है, न किसी कानून के दूरगामी प्रभावों पर विचार। यह लोकतंत्र का 'संक्षिप्त संस्करण' है कि यह तेज तो है पर आत्माहीन भी है। लोकतंत्र को चलाने के लिए सिर्फ चुनाव नहीं, संवाद भी चाहिए। संसद को सिर्फ विधेयक नहीं, प्रश्न भी चाहिए। जो शासन संवाद से डरता है, वह अंततः जनता से दूर हो जाता है। संसद को अब समय की नहीं, गंभीरता की जरूरत है। यह वह जगह नहीं होनी चाहिए जहां सरकार केवल अपनी बात कहे, बल्कि वह मंच होना चाहिए जहां देश की हर आवाज, चाहे वह सत्ता की हो या विपक्ष की, उसे बराबरी और गंभीरता से सुना जाए। लोकतंत्र की सबसे सुंदर बात यही है कि वह बहस से चलता है, सहमति से नहीं।

*कई बार तो लगता है कि विधेयक पहले से तय होकर आते हैं और संसद सिर्फ उस पर मुहर लगाने की औपचारिकता निभाती है। लोकतंत्र में संवाद सबसे बड़ी ताकत होती है, पर जब संवाद घटता है, तो लोकतंत्र सिर्फ औपचारिक शब्द बनकर रह जाता है। लोकतांत्रिक सरकार का अर्थ केवल सत्ता पक्ष नहीं होता, बल्कि विपक्ष भी उसका हिस्सा होता है। विपक्ष कोई विरोधी दल नहीं, बल्कि लोकतंत्र का दूसरा फेफड़ा है। जब एक पक्ष बोलता है और दूसरा सुनता है, तभी यह प्रणाली सांस लेती है, मगर अब वह सांस घुटने लगी है। संसद में विपक्ष के बोलने के समय को सीमित किया जाना, असहमति को विघ्न मान लेना और सवाल पूछने वालों को 'अव्यवस्थित' करार देना, यह लोकतंत्र के चरित्र में आई सबसे खतरनाक प्रवृत्ति है। सत्ता को हमेशा सवालों की जरूरत होती है, क्योंकि सवाल ही उसे जमीन पर रखता है, लेकिन जब सवाल पूछने वाले कम हो जाएं या उनकी आवाज दबा दी जाए तो सत्ता जवाबदेह नहीं रहकर आत्मसंतुष्ट हो जाती है। स्वतंत्रता के आरंभिक दो दशकों में संसद साल में औसतन एक सौ बीस से अधिक दिन चलती थी। अब वह संख्या आधी रह गई है। शीतकालीन सत्र का पंद्रह दिनों तक सीमित रहना उसी गिरावट का हिस्सा है। यह सिर्फ समय की कमी नहीं, अपितु लोकतांत्रिक संस्कृति के सिकुड़ने की कहानी है। संसद को अब जनता के सवालों से ज्यादा अपने कार्यक्रमों की चिंता है। बेरोजगारी, महंगाई, किसान संकट या शिक्षा पर चर्चा पीछे खिसक गई है। संसद वह जगह थी जहां जनता बोलती थी, अब वह जगह बन गई है जहां सरकार बोलती है और बाकी सिर्फ सुनते हैं। सवाल पूछना लोकतंत्र का अपराध नहीं, उसका सबसे बड़ा कर्तव्य है। हर सांसद जब अपनी सीट से खड़ा होकर कोई प्रश्न पूछता है, तो वह अपने क्षेत्र की जनता की तरफ से बोलता है। जब उसे बोलने से रोका जाता है, तो यह एक तरह से उस जनता को चुप कराने जैसा है जिसने अपने वोट से उसे संसद तक पहुंचाया।*

## सम्पादकीय

### वृद्धि की दर! बेवजह नहीं कि सरकार के ताजा आंकड़ों पर उठ रहे कुछ सवाल

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर आने वाली सकारात्मक खबरें निश्चित तौर पर एक राहत का संदेश होती हैं। खासतौर पर जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुस्तरीय उथल-पुथल के बीच देश कई विपरीत स्थितियों का सामना कर रहा हो, आर्थिक विकास दर में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी के आंकड़े बताते हैं कि अगर समाधानमूलक उपायों को लागू करने को लेकर संजीदगी बरती जाए, तो रास्ते निकाले जा सकते हैं। ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 8.2 फीसद बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि करीब सात फीसद के अनुमान से अधिक है। दरअसल, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, कारखाना उत्पादन में तेजी और सेवा क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन के बेहतर नतीजे सामने आए। सही है कि इस समय कृषि क्षेत्र सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, लेकिन कारखाना उत्पादन और सेवा क्षेत्र में तेज प्रगति देखी गई, जिसने कृषि क्षेत्र में आई शिथिलता को बेअसर कर दिया। जाहिर है, जीडीपी वृद्धि दर के ताजा सरकारी आंकड़े को आर्थिक मोर्चे पर एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है, लेकिन अगर इसका असर जमीनी स्तर पर भी स्पष्ट दिखे और जनता को उसका लाभ सीधे महसूस हो, तभी इसका कोई अर्थ है। निश्चित तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई शुल्क नीति के दायरे में भारत भी है और इससे इसके निर्यात क्षेत्र पर खासा प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग जगहों पर युद्धों और अन्य अनिश्चितताओं के कारण भी बहुत सारे देशों की अर्थव्यवस्थाएं लगातार बचाव या जद्दोजहद की स्थिति से गुजर रही हैं। ऐसे में अगर भारत ने वृद्धि दर के मोर्चे पर अनुमान से अधिक हासिल किया है, तो यह अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है। मगर सवाल यह है कि जिस महंगाई दर के आंकड़े के आधार भी वृद्धि दर के आंकड़े में शामिल माने जाते हैं, क्या उसमें वास्तव में इतनी कमी आई है? महंगाई दर के कम होने को लेकर सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के बरक्स यह छिपा नहीं है कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों के मामले में आम लोगों के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं। यह बेवजह नहीं है कि सरकार के ताजा आंकड़ों पर कुछ सवाल उठ रहे हैं और कहा जा रहा है कि जब तक निजी निवेश और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वास्तविक उछाल नहीं आता, तब तक ऐसे आंकड़े टिकाऊ नहीं हो सकते। दूसरी ओर, सरकार की ओर से जीडीपी वृद्धि दर को लेकर ये आकलन ऐसे समय जारी किए गए, जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ ने अपनी एक रपट में भारत की अर्थव्यवस्था के वार्षिक मूल्यांकन में यहां के राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में गंभीर खामियां बताते हुए इन्हें 'सी' श्रेणी में रखने की बात कही है। आंकड़ों की गुणवत्ता के लिहाज से इसे दूसरा सबसे निचला स्तर माना जाता है। आइएमएफ की रपट चिंता का कारण इसलिए भी है कि इसकी रपटों के आधार पर कई बार उपलब्धियों को सकारात्मक बताया जाता है, तो इसकी ओर से भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में ताजा आकलन को किस संदर्भ में देखा जाएगा। जो हो, जीडीपी वृद्धि दर को लेकर एनएसओ के आंकड़े अगर अर्थव्यवस्था के वास्तविक धरातल पर सही हैं, तो यह देश के लिए राहत की बात है।


## सहज कर्म-पथ का आह्वान है भगवद्गीता




कालजयी श्रीमद्भगवद्गीता उस महाभारत का अंश है, जिसे भारतीय चिंतन परंपरा में विशिष्ट स्थान प्राप्त है। महाभारत की महागाथा में धर्म की अवधारणा ही प्रमुख है। गीता का आरंभ भी धर्म शब्द के साथ होता है। धर्म का तत्व देश, काल और पात्र के सापेक्ष होता है और गतिशील जीवन-पद्धति को इंगित करता है। ईश्वर का अवतार धर्म को पहचानने और स्थापित करने के लिए होता है। धर्म को रीति और नीति से भिन्न समझना होगा। अपने से दुर्बल की सहायता करना ही परम धर्म है। इस दृष्टि से सामाजिक संदर्भ के सापेक्ष ही धर्म की समझ भी आकार लेती है। ऋग्वेद, उपनिषद और धर्मशास्त्र आदि सब का संज्ञान लेते हुए महाभारत रचा गया। भगवद्गीता महाभारत का हृदय सरीखा है। भगवद्गीता महाभारत के भीष्म पर्व में है, पर उसके पहले वन पर्व में व्याध-गीता का भी एक आख्यान आता है। आश्चर्य यह कि दोनों हिंसा की पृष्ठभूमि में हैं। एक कसाई के घर में तो दूसरा युद्धभूमि में। भौतिक (प्रकृति) और मानसिक चैतन्य (पुरुष) का भेद दोनों में ही दिखता है। प्रकृति का सत्य विविधताओं से भरा हुआ है। मनुष्य की कल्पनाशीलता उसे चर अचर अन्य सभी जीवों या पदार्थों से अलग करती है। मनुष्य से यह अपेक्षा है कि वह पाशविक वृत्ति से ऊपर उठ कर ऊर्ध्वमुखी हो। यही जीवन में व्याप्त हीनता और क्षुधा को दूर करने वाला है। गीता की विचारधारा सदियों से देश-विदेश में मानवीय चिंतन को प्रभावित करती आ रही है। अब तक विश्व की विभिन्न भाषाओं में गीता के तीन हजार से अधिक अनुवाद हो चुके हैं। कहा जाता है कि तमाम शास्त्रों को विस्तार में पढ़ने की जगह गीता को हृदयंगम करना ही पर्याप्त है। इसमें कृष्ण स्रोत हैं और संजय सूचना या संदेश के प्रस्तोता हैं। शायद धृतराष्ट्र और अर्जुन दोनों श्रीकृष्ण के वचनों को सुनते हैं, परंतु अपने-अपने ढंग से और कदाचित भिन्न भिन्न रूपों में। अर्जुन श्रीकृष्ण से प्रश्न पूछते हैं। धृतराष्ट्र चुप रहते हैं। वे डरे सहमे हुए हैं। वे शायद मन ही मन कृष्ण के वचनों को सुनकर गुनते-आंकते हैं। गीता में श्रीकृष्ण विश्लेषण (सांख्य) और संश्लेषण (योग) दोनों पद्धतियों का उपयोग करते हैं। उन्होंने व्यावहारिक कर्म-योग, भावनात्मक भक्ति-योग और बौद्धिक ज्ञान-योग का प्रतिपादन किया है। गीता के पांचवें अध्याय में श्रीकृष्ण शरीर को नौ द्वारों वाली एक पुरी बताते हैं। गीता द्वारा मानस का विस्तार और यथार्थ का बोध संभव होता है। कर्म का सिद्धांत यह बताता है कि आप वर्तमान परिस्थिति को तो नहीं नियंत्रित कर सकते, किंतु उस परिस्थिति के प्रति प्रतिक्रिया कैसे करें, यह जरूर चुन सकते हैं। गीता का कर्मवाद यह भी स्पष्ट करता है कि मनुष्य अपनी परिस्थितियों का स्वयं निर्माता भी है। इसका संदेश यही है कि आप स्वयं अपने जीवन के लिए उत्तरदायी हैं। हमारे बस में मात्र यही है कि हम परिस्थिति के प्रति किस तरह प्रतिक्रिया करते हैं। इसीलिए गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्म पर ध्यान देने को कहते हैं न कि फल पर। कर्म का परिणाम भी पांच पहलुओं पर निर्भर करता है-शरीर, मन, उपकरण, विधि तथा दैव (भाग्य)। मूर्ख ही खुद को अकेले कारण मानता है। यदि हम खुद को कर्मों के परिणामों से नहीं बांधते तो कर्म भी हमको नहीं बांधते। सुख, शक्ति और स्वर्ग की कामना से किया गया कर्म जब किया जाता है तो आंख फल पर टिकी होती है न कि कर्म पर। कर्म, विकर्म और अकर्म के बीच के अंतर को समझना कठिन है। बुद्धिमान लोग कर्म फल से बिना जुड़े निर्लिप्त होकर काम करते हैं। कर्तृत्व के अभिमान से मुक्त होने और फलेच्छा का त्याग करने पर कर्म अकर्म हो जाता है। कर्म करते हुए निर्लिप्त रहना और निर्लिप्त होकर कर्म करना श्रेष्ठ कर्मयोगी बनाता है। सक्रिय होना कर्म है, पर परिणाम को बिना नियंत्रित करने की चेष्टा के कर्म करना कर्म-योग है। बिना किसी प्रत्याशा के कर्म के विचार को देखकर यह प्रश्न उठता है कि उस स्थिति में कर्म के लिए क्या प्रेरणा का तत्व होगा। वृक्ष और पशु अपने लिए खाद्य और सुरक्षा पाने के लिए सक्रिय होते हैं। एक मनुष्य ही है जो दूसरों के खाद्य और सुरक्षा के लिए कर्म कर सकता है। इसी दृष्टि को अपनाना धर्म है। हमारा शरीर मरणधर्मा है और सुरक्षा चाहता है। वह सीमाएं भी बनाता है, किंतु इस शरीर में अमर आत्मा का वास है। उसे किसी किस्म की सुरक्षा या बंधन की दरकार नहीं है। अमरता और पुनर्जन्म के विचार के साथ श्रीकृष्ण मानवीय जीवन के विमर्श का पूरा नक्शा ही बदल देते हैं। शरीर का अंत अंत नहीं होता और न शरीर का आरंभ आरंभ होता है। वस्तुतः हम एक महा आख्यान का हिस्सा होते हैं। पुनर्जन्म यह बताता है कि यह विश्व हमारे पहले भी था और हमारे बाद भी रहेगा। गीता व्यक्ति के मानसिक-आध्यात्मिक उन्नयन पर बल देती है। अस्तित्व का अर्थ और मूल्य ही गीता का प्रतिपाद्य है। कर्म मार्ग का प्रवर्तन ही उसका प्रमुख उद्देश्य है। कर्म की गति गहन होती है। कर्म से मुक्ति संभव नहीं है। कर्म की गुणवत्ता उसे करने में नहीं, बल्कि उसके पीछे निहित इच्छा के त्याग में है। त्याग इच्छाओं का अभाव है।

## चलनी चाहिए संसद

**वैसे भी किसी शब्द का अर्थ उसी रूप में समझा जाता है, जिसके लिए उसका इस्तेमाल होने लगता है। क्या मदनी यह दावा कर सकने की स्थिति में हैं कि आज बुराइयों से लड़ने की कोशिश ही जिहाद है? मौलाना मदनी जिस तरह इस नतीजे पर भी पहुंच गए कि सुप्रीम कोर्ट समेत सभी अदालतें दबाव में काम कर रही हैं, उससे उन्होंने न केवल न्यायपालिका को नीचा दिखाने का काम किया, बल्कि उसके प्रति अविश्वास पैदा करने की भी कोशिश की। यह एक खतरनाक कोशिश है।**



संसद के शीतकालीन सत्र के पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में विपक्ष की ओर से जो कुछ कहा गया, उससे यही साफ हुआ कि इस सत्र में अन्य अनेक मुद्दों के साथ मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का मुद्दा जोर-शोर से उठेगा। विपक्ष को संसद में किसी भी मुद्दे को उठाने का अधिकार है, लेकिन आखिर विपक्षी दल एसआइआर को लेकर सरकार से ऐसा क्या जानना चाहते हैं, जो उन्हें नहीं ज्ञात? यह भी ध्यान रहे कि यह सरकार की ओर से संचालित प्रक्रिया नहीं है। इसे तो चुनाव आयोग अपने संवैधानिक अधिकार के तहत करा रहा है और इसलिए करा रहा है, क्योंकि बीते लगभग दो दशक में इसे नहीं किया गया। इसके कारण मतदाता सूचियों में उन तमाम लोगों के नाम दर्ज हैं, जो या तो मर गए अथवा अन्यत्र चले गए। इसके अलावा कई नामों का दोहराव है। मतदाता सूचियां तभी ठीक हो सकती हैं, जब एसआइआर कराया जाए, लेकिन विपक्षी दलों को इस पर ही आपत्ति है। यह कोई बात नहीं हुई कि मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने की मांग भी की जाए और एसआइआर पर आपत्ति भी उठाई जाए। विपक्ष इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकता कि बिहार में एसआइआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लंबी सुनवाई के दौरान उनके वकीलों की ओर से इस संवैधानिक प्रक्रिया के विरोध में जो भी दलीलें दी गईं, वे ठहर नहीं सकीं। इसी कारण बिहार में एसआइआर की प्रक्रिया संभव हो सकी। हालांकि विपक्ष 12 राज्यों में जारी एसआइआर का भी विरोध कर रहा है, लेकिन इसके कहीं कोई संकेत नहीं कि वह उसे रुकवा सकेगा। संसद के इस सत्र में विपक्ष एसआइआर पर जैसे चाहे वैसे सवाल उठा सकता है, लेकिन ऐसा करते हुए उसे ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे संसदीय कार्यवाही बाधित हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अब कोई मुद्दा उठाने अथवा सवाल पूछने के नाम पर ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दी जाती हैं जिससे सदन की कार्यवाही चलाना मुश्किल हो जाता है। विपक्षी दलों के नेता भले ही अपनी बात की सुनवाई न होने की शिकायत करते हों, लेकिन सच यह है कि वे चाहते ही नहीं कि उनकी ओर से उठाए गए किसी मुद्दे पर सदन में कोई गंभीर चर्चा हो सके। चूंकि अब संसद का प्रत्येक सत्र हंगामे के लिए जाना जाता है, इसलिए संसद को चलाने के कुछ नए तौर-तरीके अपनाने होंगे। उचित यह होगा कि संसद की कार्यवाही चलाने के लिए कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में जो कुछ तय होता है, उसका विवरण भी सार्वजनिक किया जाए। ऐसे किसी उपाय की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि कार्य मंत्रणा समिति में बनी सहमति सदन के पटल पर कहीं नजर नहीं आती। यदि संसद चलाने के नए तौर-तरीके नहीं खोजे गए तो उसका चलना मुश्किल ही होगा।

# आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव देवाणी स्थित मेघवाल बस्ती में आंगनबाड़ी केन्द्र द्वितीय के भवन उद्घाटन हुआ है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पंचायत समिति प्रधान मनभरी देवी मेघवाल, विकास अधिकारी रवि कुमार, पूर्व प्रधान संतोष तालनिया, भाजपा रतनगढ़ विधानसभा संयोजक अर्जुनसिंह फ्रांसा, हिम्मत सिंह, दीनदयाल पारीक, करणी सिंह, श्योपाल मेघवाल, सरपंच श्रीमती उच्छव कंवर, गिरधारी कांटीवाल, शिवकरण नायक, भवानी सिंह, गिरधारी खेरिया, आदुराम मेघवाल, किशन भाटी, इंद्रसिंह, विकास बिरड़ा, सवाई सिंह, मोहन नाथ, रामकरण कालेर, हंसराज नायक, विनोद विदावत, अन्नाराम चौधरी, रामूराम खिलेरी, दिनेश कालेर, केशवदास स्वामी, हरीराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


# विद्युत निगम के कर्मचारियों ने ज्ञापन सौपा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ मण्डावा शाखा की ओर से सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मण्डावा सहायक अभियन्ता को प्रंबध निदेशक के नाम का ज्ञापन सौपा । इस दौरान संघ के उपखण्ड अध्यक्ष जयप्रकाश झाझड़िया, भंवरलाल जांगिड़ राजेन्द्र मील, पूनम यादव, सुरेश राठौड़ अजय सिंह, सरिता कंवर, तेजपाल सिंह, सोहन लाल , राकेश झाझड़िया आदि कर्मचारी उपस्थित रहे

# आठवीं कक्षा की 14 वर्षीय छात्रा से रेप कर आरोपी फरार, मामला दर्ज



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** दूधवाखारा थाना क्षेत्र में आठवीं कक्षा की 14 वर्षीय छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर महिला थाने में नामजद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया है। महिला थाना पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई जब 14 वर्षीय नाबालिग की मां गांव में एक शादी समारोह में गई हुई थी। नाबालिग घर में अकेली पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान गांव का एक युवक शराब के नशे में दीवार फांदकर घर में घुस आया। रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी पहले भी पीड़िता की तरफ अश्लील इशारे करता था, लेकिन वह चुप रहती थी। घटना वाले दिन आरोपी सीधे उसके कमरे में पहुंचा और पहले छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने जबरन रेप की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। जब परिजन घर लौटे, तो पीड़िता ने रोते हुए पूरी घटना बताई। इसके बाद उसे महिला थाना ले जाकर आरोपी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया गया। महिला थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

# सफाई नहीं करने पर आयुक्त ने दिया नोटिस



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारत माता चौक मोहल्ले में गंदगी के बारे में भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर द्वारा बार-बार जमादार को शिकायत करने पर जमादार द्वारा दो बार मौका मुआयना किया गया। जमादार ने सम्बंधित सफाईकर्मी को इस कार्य के लिए पाबंद किया। लेकिन जमादार के निर्देश के बावजूद भी सफाई कार्य नहीं किया गया। जिसके बाद नगरपरिषद के आयुक्त ने सम्बंधित कर्मचारी को नोटिस दिया है। आयुक्त ने शिवा नामक सफाई कर्मचारी को नोटिस जारी कर कहा है कि जमादार के निर्देशों पर सफाई कार्य नहीं करना लापरवाही की श्रेणी में आता है, अतः 24 घंटे में स्पष्टीकरण दिया जावे, अन्यथा राजस्थान नगरपालिका अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# डीबी अस्पताल में पिछले 22 महीनों में 7 हजार 90 रोगियों की सफल सर्जरी की गई

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** डीबी अस्पताल में पिछले 22 महीनों में 7 हजार 90 रोगियों की सफल सर्जरी की गई है, जिससे अस्पताल की छवि में सुधार आया है। आमतौर पर सरकारी अस्पतालों से जुड़ी अव्यवस्थाओं की धारणा के विपरीत जिले के इस सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्यवस्थाएं बेहतर हुई हैं। इन ऑपरेशनों में सर्जन डॉक्टरों की टीम ने 1532 सर्जरी कीं। वहीं, नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम ने सर्वाधिक 3768 ऑपरेशन किए, जिनमें से 3577 प्रमुख (मेजर) ऑपरेशन थे। इन सभी सर्जरी को आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क किया गया। पिछले 22 महीनों में अस्पताल में कुल 14 लाख 28 हजार 12 रोगियों का इलाज किया गया। अकेले वर्ष 2024 में 32 हजार 224 रोगियों को भर्ती कर उपचार प्रदान किया गया। अस्पताल में रेफरल दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। डीबी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में वर्ष 2024 में 1374 रोगियों को भर्ती किया गया था, जिनमें से 504 को रेफर किया गया। इसके विपरीत वर्ष 2025 में 31 अक्टूबर तक 1285 रोगियों को भर्ती किया गया, और इनमें से केवल 260 को ही रेफर करना पड़ा। इस प्रकार वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में 244 कम रोगियों को रेफर किया गया। अस्पताल से रेफर होने वाले रोगियों की संख्या में यह कमी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार के प्रयासों का परिणाम है। जनवरी 2025 में डॉ. पुकार को फिर से कॉलेज प्रिंसिपल बनाया गया, जिसके बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार हुआ। वर्ष 2024 की अपेक्षा 2025 में रेफरल अनुपात में 45 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में हुई कई बड़ी सर्जरी डीबी अस्पताल के वर्ष 2024 व 2025 के अक्टूबर माह तक के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो 20 महिनों में 1432 सर्जरी हुई हैं। जिनमें कई जटिल ऑपरेशन कर रोगियों की जान बचाई गई हैं। वर्ष 2024 की अपेक्षा 2025 में 196 सर्जरी अधिक हुई हैं। जिससे अस्पताल की रेवन्यू भी बढ़ी हैं। इसके अलावा ईएनटी विभाग में भी सर्जरी की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

# समय का सदुपयोग करेंगे तो जीवन में आगे बढ़ेंगे- नरेश सोनी

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता विजेता छात्राओं का सम्मान किया

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** कस्बे की समाज सेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति मंडावा की ओर से सोमवार को सुबह नगर पालिका के नजदीक पूनम गर्ल्स कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, भाजपा नेता संदीप शर्मा, पार्षद सपना शर्मा, पार्षद कविता कंवर, जया शर्मा, शिक्षाविद् हरलाल सिंह मोगा व रामनिवास ढ़ाका आदि मंचस्थ अतिथि थे। कॉलेज प्राचार्य नीतू ढाका व निदेशक प्रवीण बगड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने संबोधन में कहा कि श्री गांधी जन कल्याण समिति शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है तथा समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करवा कर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही कहा की समय का सदुपयोग करेंगे तो आपको जीवन में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पाएगा। कार्यक्रम में अतिथियों ने समिति की ओर से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल रही टॉप टेन बेटियों का माला पहनाकर, नगद राशि व श्रीफल भेंटकर



सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी सूर्य प्रकाश लाहोरा ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में करीब 150 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। छात्रा स्नेहा बागड़ी, अंजली कुमावत, सिमरन कुरैशी, प्रियंका भार्गव, रिंकू, मोनिका कंवर, मोनिका कुमारी, पूनम, टीना कंवर व साजिदा आदि विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नीतू ढाका, प्रवीण बगड़िया, जेपी सोनी, संदीप कुमार, लोकेंद्र सिंह, आकांक्षा शर्मा, भारती बुंदेला, कोमल शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। अन्त में संचालन कर रहे शिक्षक जेपी सोनी ने सभी का आभार जताया ।

# न्याय गौरव सम्मान कार्यक्रम कल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** न्याय गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन लॉयन्स क्लब सुजानगढ़ द्वारा बुधवार 3 दिसम्बर को किया जायेगा। एमजेएफ कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशान्त पारीक ने बताया कि माहेश्वरी भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिवक्ता सम्मान दिवस एवं विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी होंगे। जबकि अति विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश विकास गजराज रहेंगे। इसी प्रकार एमजेएफ लॉयन रोशन सेठी, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट गावर्धन लाल चौधरी, लॉयन डॉ. एन एस नरूका रहेंगे। जबकि मुख्य वक्ता एडवोकेट निरंजन सोनी होंगे।

# एसपी से की आवारा बाईकर्स पर कार्रवाही की मांग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त कुमार बोरड़ ने जिले के एसपी को एक पत्र भेजकर बताया है कि पिछले काफी समय से बाजारों में बाईक सवार युवक तेज गति व लापरवाही से बाईक्स चलाकर ट्रेफिक नियमों का उल्लघंन कर रहे हैं। साथ ही शाम के बाद मुख्य स्टेशन रोड़ पर कई बार स्पीड में बाईक्स दौड़ाते हैं। इसी प्रकार कई बाईक वाले तो एम्बूलेंस का सायरन भी बजाते हैं। जिससे लोगों में भ्रम तो फैलता ही है, लेकिन ओवर स्पीड के कारण हर वक्त पैदल चलने वाले लोगों को हादसों की आशंका रहती है। कई बार इन आवारा तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटना भी सामने आती है। स्थानीय पुलिस कई बार नाका लगाकर कार्यवाही करती है, लेकिन उससे भी कोई स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। अतः जल्द से जल्द इन आवारा बाईकर्स को कंट्रोल करने के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही की जावे। साथ ही इन बाईकर्स में जो नकाब लगाए हुए रहते हैं, उन पर सख्त कार्यवाही की जावे, क्योंकि इस प्रकार के आवारा युवक चोरियों, चैन स्नेचिंग, छेड़छाड़, शांतिभंग, ठगी आदि घटनाओं में शामिल रहते हैं।

# शतरंज प्रतियोगिता की निकाली लाटरी




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** प्रथम राउंड के खिलाड़ी प्रीतम खुवाल बनाम विवेक सैनी,योगेश कुमार बनाम बजरंग,कुसुम सैनी बनाम शीशराम, उमेद सिंह सीकर बनाम गोपाल,रीना सैनी बनाम रजत सुरोलिया, आंचल बनाम अमित रेवाड़, राहुल बनाम रोहित तंवर, असलम रंगरेज बनाम रामोतार सैनी,तोलाराम सोनी बनाम रामोतार यादव,रवींद्र सिंह बनाम केशर देव, हेमंत रामगढ़िया बनाम दयानंद यादव,खुशी बनाम अजय मीणा, दीपक जांगिड़ बनाम अनिल सोनी, कपिल सोनी बनाम राजकुमार सिंघानिया,रामोतार शर्मा बनाम विनय आर्य, शिवम् शाह बनाम तुषार जानू,अंकित कुमार ओमप्रकाश हरितवाल,ओमजी चारण बनाम कृपा शंकर सीकर, सुरेश डोकवा बनाम जेपी गोयनका, दिव्य प्रकाश बनाम कपिल खुवाल,कैलाश सैनी बनाम कोमल, महेश टेलर बनाम देवांश शाह, सत्यप्रकाश खेतड़ी बनाम विजय मौर्य के बीच खेला जाएगा । एडवोकेट आदित्य तोलासारिया ने बताया कि सोमवार स्व . चिरंजीलाल तोलासरिया की आठवीं पुण्य समृति में आयोजित की जाने वाली शतरंज प्रतियोगिता में जो प्रतियोगियो के लिये नामांकन आए है।उनका सोमवार को गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शाम को करीब तीन बजे तोलासरिया भवन में लाटरी द्वारा खिलाड़ियों के बैच निर्धारित किये गये । जिसमें श्याम सुंदर तोलासारिया, विजय शंकर तोलासारिया ,शिवशंकर,रविशंकर, सुशील कुमार ,अरुण कुमार ,मुकेश तोलासारिया,का विकसित तोलासारिया,शुभम, अभिनव, अमन , हर्ष,ज्ञानप्रकाश गोयनका , केशर देव टेलर, सत्यनारायण भीमसरिया, पंकज शर्मा,बनवारी गाड़ोदिया ,श्रवण ,रोहिताश टेलर ,विजय बिजारणियां , आदि आदि मंचासीन अतिथि थे ।शतरंज प्रतियोगिता का मंगलवार को सुबह सवा 10 बजे शुभारम्भ किया जायेगा । कुल नामांकन 46 जिसमे सीकर , चुरू,फतेहपुर, खेतड़ी, मुकुंदगढ़, सादलपुर आदि जगह से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है ।

# झुंझुनूं में Consumer`s Voice न्यायोत्सव की बढ़ती गूंज

## अब तक 17,867 लोगों ने ली उपभोक्ता जागरूकता शपथ

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** उपभोक्ता अधिकारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चल रहा 30 दिवसीय कंज्यूमर्स वॉयस न्यायोत्सव लगातार प्रभावशाली परिणाम दे रहा है। अभियान के पहले सप्ताह में जागरूकता की लहर देखने को मिल रही है। 1 दिसंबर तक कुल 17,867 उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता शपथ लेकर प्रमाण-पत्र प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 24 नवंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील के सान्निध्य में हुई थी। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अभियान का शुभारंभ किया गया था। अभियान का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं में बिल लेने की आदत, मानक चिह्नित उत्पादों की पहचान और गलत व्यापार व्यवहार की स्थिति में आयोग से न्याय पाने की प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## ऑनलाइन शपथ अभियान ने बढ़ाई रफ्तारः

शुरुआत के दिन ही 5 हजार लोगों द्वारा शपथ लिए जाने के बाद अब यह संख्या लगातार बढ़ रही है। आयोग द्वारा लॉन्च किए गए ऑनलाइन शपथ अभियान और जारी किए गए क्यूआर कोड ने युवाओं, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को बड़ी संख्या में जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लोग क्यूआर कोड स्कैन करके तुरंत शपथ ले रहे हैं और प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर रहे हैं। अध्यक्ष मनोज मील ने बताया कि अभियान को लेकर लोगों में उत्साह देखकर स्पष्ट है कि 1 लाख उपभोक्ताओं को शपथ दिलाने का लक्ष्य समयसीमा से पहले पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अधिकार सिर्फ कानून नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की सुरक्षा का हिस्सा हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से हर खरीद पर बिल लेने और मानक चिन्हित उत्पादों की जांच करने की अपील की। गौरतलब है कि अगले दिनों में न्यायोत्सव के तहत पूरे जिले में जागरूकता रैली, संगोष्ठी, सेमिनार, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्कूल-कॉलेजों में विशेष व्याख्यान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई जा रही है। न्याय और जागरूकता की इस मुहिम ने पूरे जिले में उपभोक्ता अधिकारों को लेकर नई चेतना जगाने का कार्य किया है।

# नगर श्री में हुई साहित्य गोष्ठी में साहित्यकारों ने जमाया रंग




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में रविवार शाम साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सचिव श्याम सुन्दर शर्मा ने बताया कि रविवार शाम को नगर श्री सभागार में पं. कुंज बिहारी शर्मा स्मृति में मासिक साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य कलश कार्यक्रम अनन्तराम सोनी की अध्यक्षता व युवा शायर दीपक कामिल के सान्निध्य में हुआ। गोष्ठी का शुभारंभ मंगल व्यास भारती ने सरस्वती वंदना व मंगलाचरण से किया। उन्होंने अपनी कविताएं- रहते बन कर खास कहें तो किससे बोलो..., धन दौलत यूं एक सी सदा न रहती समान..., जाने कैसा ये युग आया...। गीता रावत 'गाफिल' ने उम्र गुजार दी काम करते करते..., पंकज कुमार भार्गव ने ये किस तरह का तमाशा है शहर में..., विजयकांत शर्मा ने ना लड़ हम कभी मकान के लिए..., खेत मेरे को चाहिए बारिस मुसलाधार..., अब्दुल मन्नान 'मजहर' ने नज्म मेरा सदरा है सनद पैदाइसी सुल्तान..., इमरान ने मेरी दुनिया मेरे गम तुम से अच्छे मेरे सनम..., महेश कुमार ने मैं मदहोश गमां से क्या जानूं..., डॉ. श्यामसुन्दर शर्मा ने ये दुनिया हकीकत में फरेबो का पिटारा है..., तन्हाइयां में इतना सजाया न कीजिए..., कमल सिंह कोठारी ने स्मृतियां में बात अब तक... आशीष गौतम 'आशु' ने ना खुशी अच्छी है न मलाल अच्छा है, अपना तो हाल अच्छा है..., सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। विशिष्ट अतिथि दीपक 'कामिल' की गजलों- बाग से बागवां कहां जाए..., तेरा दिले नाशाद से है। अनन्तराम सोनी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात् कविता धरती पर कितने महल बने, कुछ देव बने कुछ दूत बने...सुनाकर खूब सराहना पाई। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार प्रो. कमल सिंह कोठारी ने किया।

# फूले छात्रावास को मिला 21 हजार रुपये का सहयोग



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** सैनी समाज संस्था द्वारा उपखंड कार्यालय रोड पर निर्माणाधीन सावित्रीबाई फुले छात्रावास के लिए समाजजन लगातार सहयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्थानीय निवासी बाबूलाल गोड़ पुत्र केशरदेव गोड़ ने अपनी पौत्री वंशिका, जन्मदिवस के अवसर पर 21,000 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया।इस योगदान पर सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष रामगोपाल चुनवाल, छात्रावास निर्माण समिति अध्यक्ष बनवारी लाल पापटवाण, सेवानिवृत तहसीलदार महावीर राकसिया, बीएसएनएल से सेवानिवृत फूलचंद राकसिया तथा समाज के महामंत्री एडवोकेट सज्जन कुमार सैनी (पार्षद वार्ड 37) ने बाबूलाल गोड़ के प्रति आभार व्यक्त किया।सैनी दिलीप गोड़ को उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सहर्ष नगद राशि प्रदान की गई। समाजजनों ने बताया कि छात्रावास निर्माण कार्य में यह सहयोग प्रेरणादायी है और इससे समाज के शैक्षणिक उत्थान को गति मिलेगी।

# पिंक पखवाड़ा सोमवार से हुआ से शुरू, एनीमिक महिलाओं के लगाये एफसीए इंजेक्शन

## एनीमिया से न घबराएं, एफसीएम से हीमोग्लोबिन बढ़ाएं

**चूरू(निसं.)।** जिले को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सोमवार से एक विशेष अभियान 'पिंक पखवाड़ा' की शुरुआत की गई। यह पखवाड़ा 15 दिसंबर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर शुरू हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं में खून की कमी को दूर कर उन्हें एनीमिया मुक्त कर स्वस्थ बनाना है। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए जीवनदान साबित होगा जो गंभीर एनीमिया से जूझ रही हैं। चिकित्सा विभाग ने पीसीटीएस साफ्टवेयर एवं अन्य स्तर से गंभीर एनीमिक महिलाओं को चिन्हित कर पखवाड़े के दौरान एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सि माल्टोज) इंजेक्शन लगाने की शुरुआत की है। इसके लिए जिलास्तर से सभी चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आरसीएचओ डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि जिन गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर बहुत कम है तथा उन्हें आयरन की गोलियों पर्याप्त मात्रा में लेने के बावजूद हीमोग्लोबिन स्तर में वृद्धि नहीं हो रही उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के बाद एफसीएम इंजेक्शन लगाए जाएंगे। यह सुरक्षित है और इससे शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर तेजी से बढ़ता है। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के दिन (प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख) की जा रही है। इसके साथ ही उन्हें आयरन के प्राकृतिक स्त्रोतों एवं खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्हें दवा के साथ-साथ खान-पान में आयरन युक्त आहार (हरी सब्जियां, गुड़, चना आदि) शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आशा सहयोगिनियां और एएनएम पीएमएसएमए के दौरान हाई-रिस्क वाली महिलाओं को चिन्हित कर अस्पताल पहुंचाएंगी।

# परिवहन निरीक्षकों की लगाई ड्यूटी

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नए बस स्टेंड से बसों का संचालन कम होने के बाद जिला परिवहन अधिकारी ने एक आदेश जारी कर नए बस स्टेंड के सामने 6 दिसम्बर तक परिवहन निरीक्षकों की अलग-अलग ड्यूटी लगाई है। यह ड्यूटी सुबह के 8 बजे से शाम के 6 बजे तक रहेगी। आदेश में बताया गया है कि नए बस स्टेंड से बसों के संचालन के आदेश के बावजूद भी इसका पालन पूर्णतया सवारी वाहनों के चालकों द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसलिए 6 दिनों तक लगातार ये परिहवन निरीक्षक ड्यूटी देकर बसों का नए बस स्टेंड के अंदर जाना सुनिश्चित करेंगे।

# तेजसिंह का पुरा की दर्दनाक घटना में बड़ा मोड़, बिजलीघर लापरवाही के दौरान युवक की मौत

### गांव में छाया मातम, बिजली विभाग पर कार्यशैली को लेकर सवाल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजाखेड़ा उपखंड के गांव तेजसिंह का पुरा में रविवार को सरसों एवं गेहूं के खेत में पानी दे रहे युवक के ऊपर से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन निकली थी जिसे खेत में लगे खम्भे में अचानक करंट के संपर्क में आने से उमेश पुत्र प्रताप सिंह (27 वर्ष) जाति निषाद निवासी तेज सिंह का पुरा ने रविवार शाम 5.30 चपेट में ले लिया जिसे इलाज के लिए शहीद राघवेंद्र सिंह परिहार स्वास्थ्य केंद्र राजाखेड़ा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को शहीद राघवेंद्र सिंह परिहार स्वास्थ्य केंद्र राजाखेड़ा की मोर्चरी में रखवाया गया है जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गयी।युवक की मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया ग्रामीणों




का आरोप–लटकी लाइन की अनदेखी बनी वजह.......ग्रामीणों का कहना है कि राजाखेड़ा विद्युत विभाग की लापरवाही से एक सप्ताह के अंदर दो हादसे हुए गांव में जिनके जिम्मेदार कौन है 11 केवी लाइन काफी समय से खतरनाक रूप से नीचे लटकी हुई थी।कई बार विभाग को शिकायतें की गईं, लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई।ग्रामीणों का आरोप है कि यदि लाइन समय पर दुरुस्त कर दी जाती,तो यह हादसा नहीं होता।-

### एक सप्ताह में दूसरी विद्युत विभाग की घोर लापरवाही की भेंट चढ़ी एक युवक की जिंदगी

तेज सिंह का पुरा की यह घटना सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि लगातार अनदेखा किए जा रहे विद्युत रखरखाव की बड़ी कमी को उजागर करती है। एक सप्ताह में फिर दूसरी बार विद्युत विभाग की घोर लापरवाही आई सामने एक मामूली लापरवाही ने एक महिला की जान ले ली,कई पशुओं को मार दिया,बस को जलाकर खाक कर दिया और रविवार शाम को गेहूं व सरसों के खेत में पानी लेने वाले युवक खंबे में करंट आने से मौत हो गई ग्रामीणों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया।

### विद्युत विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

राजाखेड़ा क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकने से लेकर राजस्व वसूली तक विभाग कई कार्रवाइयां कर रहा है,लेकिन तेजसिंह का पुरा एवं समौना की यह घटना इस बात पर गंभीर प्रश्नचिन्ह भी लगाती है कि एक सप्ताह में दो दो हाथ से अर्थात एक महिला एक युवक की जिंदगी, क्या विभाग रखरखाव और सुरक्षा पर उतना ध्यान दे रहा है?,क्या नियमित निरीक्षण हो रहा है?,आखिर क्यों महीनों से लटकी खतरनाक लाइन की अनदेखी की गई? एवं अन्य इलाके में जमीन पर रखे ट्रांसफार्मरो को आज तक खाम्भो पर क्यों नहीं लगवाया ? यदि सुरक्षा और रखरखाव पर उचित ध्यान दिया जाता,तो शायद यह हादसा न होता। वहीं विद्युत विभाग का कहना है कि वहां पर दोनों साइड से लाइन है मृतक व्यक्ति ने दूसरी साइड से लाइन ले जाने के लिए उस पर तार फेंका है हाई टेंशन लाइन पर तार लटकने के कारण तार से चिपकने के कारणइसकी मौत हुई है।

## सेवानिवृत्ति पर शर्मा को दी विदाई

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** खनिज विभाग कार्यालय बिजौलियां में कार्यरत रामकुमार शर्मा की 38 वर्षीय राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर विभाग द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।शर्मा द्वारा लंबे समय तक बिजौलियां खनिज विभाग में सेवाए दी गई।लोगों ने शर्मा के सुखमय जीवन की कामना की।इस दौरान खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने की खुदकुशी

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियाँ(निसं.)।** बिजौलियाँ थाना क्षेत्र के पुरोहितों का खेड़ा निवासी भूति लाल (31) भील पिता कालू लाल भील ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी के फन्दे पर झूलकर जीवन लीला समाप्त कर ली।वहीं मृतक के परिवार द्वारा मृतक को कोटा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के सुपुर्द किया गया । मृतक के दो बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

## यमुना प्रवाह यात्रा पहुंची स्टेच्यू ऑफ यूनिटी

### युवाओं ने सरदार पटेल की जीवनी को जानकर उनके पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाई जा रही यमुना प्रवाह यात्रा रविवार को गुजरात स्थित यूनिटी ऑफ स्टेच्यू पहुंची। यात्रा में शामिल सभी युवा साथियों ने सरदार के चरणों में पुष्प अर्पित कर यूनिटी ऑफ स्टेच्यू का भ्रमण किया । सभी युवाओं ने सरदार पटेल के पद चिन्नो पर चलकर उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया । नागौर देहात से यात्रा में शामिल रोहित सेन ने बताया कि अनेकों प्रदेश से पधारे सभी युवाओं ने विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर परिसर का अवलोकन किया। इस अवसर पर युवाओं ने लौह पुरुष के संघर्ष, नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण के अद्भुत योगदान को जानकर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। यात्रा में राजस्थान यमुना यात्रा के संयोजक जितेंद्र झा ,सहसंयोजक भीमराज मीणा , नागौर देहात से रोहित सैन, मनीष रादंड, सहित अनेकों प्रदेश के कार्यकर्ता शामिल थे।

## राजाखेड़ा उपखंड में पोस्टिक पोस्ट अनाज योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय रोड शो का हुआ आयोजन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा उपखंड में पोस्टिक पोस्ट इस अनाज योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया राजाखेड़ा में सोमवार को सहायक कृषि निदेशक धौलपुर के निर्देशानुसार राजाखेड़ा में कृषि विभाग के द्वारा मोटे अनाज को लेकर एक ब्लॉक स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया । जिसमें डबल ए ओ (,ह्र) रामविलास ने बताया कि राज्य सरकार कृषि में सुधार हेतु मोटे अनाजों को लेकर उनके संवर्धन में किसानों को जागरूक करना चाहती है जिससे कृषि कृषि उत्पादन में वृद्धि एवं मूल्य संवर्धन में सुधार और घरेलू उपयोग में अनाजों में वृद्धि हेतु किसानों को आज राजाखेड़ा कृषि विभाग द्वारा वाहनों को सजाकर एवं माइक लगाकर राजाखेड़ा हाट मैदान, सिकरौदा, छीतापुर, देवदास का पूरा, सिंगावाली खुर्द एवं सिंगरौली कला और देवखेड़ा के साथ राजाखेड़ा कस्बा में रोड शो शो का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संबंधित गांव के किसानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बहन के साथ चल रहे कृषि कर्मचारियों ने किसानों को मोटे अनाज की पौष्टिकता के बारे में जानकारी प्रदान की इस अवसर पर ब्लॉक कृषि अधिकारी रामविलास के साथ कृषि पर्यवेक्षक देवेंद्र सिंह, कृषि पर्यवेक्षक दुष्यंत सिंह,पवन ,रणबीर के साथ बड़ी तादाद में किसान मौजूद रहे।

## आरएएस में चयन होने पर किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** भरतपुर जिले के रुदावल कस्बे के समीप नगला भोला निवासी हेमंत कुशवाह का राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ है। उनके चयन होने पर उनका स्वागत सम्मान किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है और उन्होंने बताया कि असफलता को मात देकर ही सफलता प्राप्त की जाती हैं। जिसमें सभी गांव वासियों ने जोश के साथ स्वागत किया गया कार्यक्रम के दौरान नीरज कुशवाह, जीतू कुशवाह अध्यापक, राजू कुशवाह संस्थापक बी एस उच्च माध्यमिक स्कूल व सह व्यवस्थापक के एस कुशवाह आदि लोग उपस्थित रहे ।



## दम तोड़ता कुचामन का कनोई पार्क दुरूरत हो - चावला

### शाम होते ही नशेड़ियों का लग जाता है जमावड़ा

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** कुचामन कस्बे का नगर परिषद क्षेत्राधिकार का एकमात्र कनोई गाँधी पार्क जो पुराने रोडवेज बस स्टेण्ड के पास स्थित है। यहाँ पर कस्बे के बड़े-बुजुर्ग, युवा, महिलाओं के घुमने -फिरने, व्यायाम करने का एकमात्र स्थान है। इन दिनों निरन्तर देखरेख के अभाव में यह पार्क नष्ट होने की कगार पर है। कुचामन नगर परिषद के निव्तमान उपसभापति हेमराज चाबला व कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत ने बताया कि स्थानीय कनोई पार्क में कांग्रेस शासनकाल में बनवाये गये ट्यूबवैल लापरवाही और देखरेख के अभाव में गत कई महिनों से बन्द पड़ है, जिन्हें दुरूस्त नहीं कराने से पार्क में स्थित छोटे-बड़े पेड़ जलकर सूख गये है, पार्क की हरी हेज, दूब, फुलवारी सब या तो सूखकर नष्ट हो चुके है, या पारनी के अभाव में मुरझा गये है। पार्क में लगाये गये झूले व व्यायाम के उपकरण टूटकर नीचे गिरे पड़े है। पार्क में दूव की क्यासियों में हरियाली





दूब की जगह मिट्टी ही मिटी नज़र आती है। तथा पार्क में आवारा श्वानों का साम्राज्य बना हुआ है। हेमराज चावला और सुतेन्द्र सारस्वत ने बताया कि पाक्क की दुर्दशा को देखकर इसे किसी भी दृष्टि से पार्क नहीं 7 पार्क में चहुँओर उजड़ा चमन की नज़र आता है। जबकि यहाँ पार्क की देखरेख और रखरखाव हेतु चौकीदार, गार्ड, बागवान इत्यादि को पार्क की सम्पूर्ण देखरेख के लिये लगा रखा है, जिनपर हजारों रूपये मासिक खर्च होने के उपरान्त पार्क की अनदेखी क्यों ? इसके साथ ही नगर परिषद के सफाई निरीक्षक, पार्क क्षेत्राधिकार के जमादार ने पार्क की बिगडती दर्दशा को सुधारने के लिये परिषद के जिम्मेदारों को समय पर सूचित किया या नहीं इसपर संज्ञान लिया जाकर उत्तरदायी पक्षकार के विरूद्ध कार्याही की जानी चाहिये । इस सब के उपरान्त क्षेत्रीय छोटे-बड़े जिम्मेदारों की अनदेखीवपार्क की दुर्दशा पर मूकदरशक बने रहने पर खेद व्यक्त करते हुए इनके शीघ्र दुरूस्तीकरण की आवश्यकता हे।

## संस्कारों को महत्व देते हुए लायंस क्लब कुचामन सिटी ने आयोजित किया गीता पठन कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** गीता जयंती के शुभ अवसर पर लायंस क्लब कुचामन सिटी द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में विशेष गीता पठन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 1 दिसंबर को ग्रोविंग इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ श्रीमद्भगवद्गीता का सामूहिक पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गीता के अध्यायों एवं श्लोकों का स्पष्ट उच्चारण करते हुए ज्ञान, कर्तव्य और जीवन मूल्यों के संदेश को आत्मसात किया। विद्यालय परिसर गीता के पवित्र मंत्रों से गुंजायमान हो उठा। लायंस क्लब अध्यक्ष बाबूलाल मान्धनिया ने कहा कि 'गीता मानव जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य ग्रंथ है। संस्कार सप्ताह के दौरान ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास होता है।' पूर्व प्रांतपाल श्याम सुंदर मंत्री ने बताया कि 'संस्कार सप्ताह का उद्देश्य समाज में सकारात्मकता और सेवा भाव को बढ़ावा देना है। गीता पठन जैसे आयोजन बच्चों को श्रेष्ठ संस्कारों से जोड़ते हैं। लायंस क्लब कुचामन सिटी द्वारा किए जा रहे विभिन्न आयोजनों में यह कार्यक्रम विशेष रूप से प्रेरणादायक और सफल रहा।




## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची अद्यतन कार्य तेजी से जारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के मार्गदर्शन और जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के नेतृत्व में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन तथा त्रुटिरहित बनाना है ताकि प्रत्येक योग्य नागरिक को मतदान के अधिकार से वंचित न होना पड़े।

अभियान के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम में सुधार, पता परिवर्तन एवं फोटो अपडेट के लिए फॉर्म-8, तथा मृत या स्थानांतरित व्यक्तियों के नाम हटाने हेतु फॉर्म-7 का उपयोग किया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। नागरिक एनवीएसपी पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन ऐप अथवा नजदीकी मतदान केंद्र व निर्वाचन कार्यालय के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र मतदाता अपने नामों की जाँच अवश्य करें तथा त्रुटियाँ पाए जाने पर तुरंत सुधार करवाएँ। उन्होंने बताया कि जिले में जागरूकता गतिविधियाँ भी लगातार आयोजित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से युवाओं, प्रथम बार वोटर तथा महिलाओं को मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'मतदाता सूची का अद्यतन एक सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक नागरिक का सक्रिय सहयोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाता है।' जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि कोई भी मतदाता दो अलग-अलग स्थानों से अपना परिगणना प्रपत्र ना भरे। अधिक से अधिक पात्र नागरिक अभियान के दौरान पंजीकरण करवाते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 77-बसेड़ी में 2 लाख 5 हजार 177, 78-बाड़ी में 2 लाख 37 हजार 372, 79-धौलपुर में 2 लाख 11 हजार 808 तथा 80-राजाखेड़ा में 2 लाख 2 हजार 276 कुल 8 लाख 56 हजार 633 ईएफ 93.33 प्रतिशत को डिजिटाइज्ड किया गया है।

## धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की बेटी की शादी में की शिरकत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी की मानवीय पहल व गरीबों के प्रति संवेदना सहानुभूति और गरीबों के हित-चिंतक है धौलपुर जिला कलेक्टर। 30 नवंबर 2025 की शाम धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधी बीटी को छावनी में आयोजित एक शादी समारोह में देखकर,उपस्थित सभी महिलाएं और पुरुष उनकी प्रशंसा करते हुए थक नहीं रहे थे। उन शब्दों को यहां वर्णित नहीं किया जा सकता। कलेक्टर धौलपुर की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। हुआ यह कि जिला कलेक्टर धौलपुर के कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुरेश कोली की बेटी की शादी थी,सभी लोग भात लेने, रिश्तेदारों को खाना खिलाने और बरात के स्वागत की तैयारियां कर रहे थे,उसी समय दरवाजे पर सायरन सुना तो एक बार तो डर गए कि क्या हो गया जो पुलिस आई है। कहीं कोई झगड़ा या परेशानी तो नहीं हो गई,लोग मुख्य दरवाजे की तरफ दोडे परंतु लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही जिला कलेक्टर महोदय की गाड़ी मुख्य दरवाजे पर रुकी और उसमें से जिला कलेक्टर धौलपुर श्रीनिधी बीटी उतरते हुए दिखे। लोगों को कुछ समझ में नहीं आया कि एक कलेक्टर अपने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की बेटी की शादी में शामिल होने आया है इससे आश्चर्य की बात और क्या हो सकती है। बो भी खानापूर्ति करने नहीं अपितु एक घंटा से अधिक समय सभी लोगों के बीच बैठे रहे और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। वरना आजकल लोग तो अमीरों को वरीयता देते हैं,अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इतना सम्मान देना बहुत दूर की बात है। कलेक्टर धौलपुर श्रीनिधी बीटी जी का व्यक्तित्व बहु आयामी,सौम्य,सरल,अपनों का खयाल रखने बाला हैं। हम आपके इस व्यवहार की कोटि कोटि प्रशंसा और जिले भर में हो रही कलेक्टर के इस मानवीय पहल की प्रसंशा।



## सीईओ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों को लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यो का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण किया जाना सभी जिला स्तरीय अधिकारियों का दायित्व है। जिस विभाग को परिवेदना प्राप्त होती है। उसका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित की जाने वाली जिला दर्शन पुस्तिका एवं जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए सभी विभागों को उनसे सम्बन्धित उपलब्धियों को सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी को शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय-समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों द्वारा की जा रही फसल बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज से चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

**धौलपुर,** चिकित्सा विभाग द्वारा टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि 2 दिसंबर से शुरू हुआ यह विशेष टीकाकरण अभियान 10 दिसंबर तक चलेगा। इसमें टीकाकरण से वंचित योग्य बच्चों और लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण की सभी एंट्री यू विन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। डीआरसीएचओ डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में टीकाकृत लाभार्थियों की एंट्री यू विन पर दर्ज की जाएगी। कम उपलब्धि वाले ब्लॉक और सेक्टर से लक्ष्य के अनुसार प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य संबंधित विभागों का सहयोग लिया जाएगा। सभी बीसीएमओ को निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। वंचित लाभार्थियों का टीकाकरण प्राथमिकता से किया जाए।

**उद्यानिकी महाविद्यालय**

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर), दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांक :- एफ ( )/श्रीकनकृविवि/उद्या.महा./स्टोर/2025/2404 दिनांक :- 26/11/2025

**खुली निविदा सूचना**

उद्यानिकी महाविद्यालय, दुर्गापुरा, जयपुर में वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न सामग्री क्रय करने हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों/आपूर्तिकर्ता निविदादाताओं से दोपहर 12.00 बजे दिनांक 04/12/2025 तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत विवरण, राज्य लोक उपापन पोर्टल **sppp.rajasthan.gov.in** एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://www.sknau.ac.in** से डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सामग्री/उपकरण आपूर्ति की अनुमानित राशि लगभग 213738/–रुपये है।

**UBN No.: SKN2526GSOB00308, NIB No.: SKN2526A0287**

राज.संवाद/सी/25/14864 अधिष्ठाता

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि. वि. नगर खण्ड-तृतीय, जयपुर**

क्रमांक- 4619 दिनांक 27.11.2025

**निविदा सूचना संख्या 67/ 2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | - | निर्माण एवं मरम्मत का कार्य । |
| 2 | कार्यों की संख्या | - | 9 works |
| 3 | निविदा की कुल लागत (रूपयों में) | - | 10.66 Lac |
| 4 | धरोहर राशि | - | 21320.00/- |
| 5 | निविदा प्रपत्र बिक्री की अन्तिम तारीख | - | 4.12.25 |
| 6 | निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख | - | 5.12.25 |
| 7 | निविदा खोलने की तारीख | - | 5.12.25 |

| NIT S. NO. | UBN NO. | NIT S. NO. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB17847 | 2 | PWD2526WSOB17848 |
| 3 | PWD2526WSOB17849 | 4 | PWD2526WSOB17850 |
| 5 | PWD2526WSOB17851 | 6 | PWD2526WSOB17852 |
| 7 | PWD2526WSOB17853 | 8 | PWD2526WSOB17854 |
| 9 | PWD2526WSOB17855 | | |

(पवन कुमार कुलश्रेष्ठ)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय जयपुर

DIPR/C/17670/2025

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
2 दिसम्बर, 2025

## टीचर ने छात्रा को व्हाट्सएप पर मैसेज कर सहेली से बात करवाने को कहा, जान से मारने की दी धमकी

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में मांगरोल नर्सिंग सेंटर में नियुक्त एक आरोपी टीचर ने अपने यहां पढ़ रही एक छात्रा के मोबाइल के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज किया और उसे अपनी सहेली से बात करवाने को कहा तथा इस पूरे मामले में आरोपी टीचर ने छात्राओं को जान से मारने की धमकी भी थी आशय की रिपोर्ट छात्राओं ने मांगरोल पुलिस स्टेशन में भी दर्ज करवाई है पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और छात्राओं के परिजनों में इस मामले को लेकर जोरदार गुस्सा भी छाया हुआ है जानकारी के अनुसार मांगरोल नर्सिंग सेंटर में आरोपी परवेज शिक्षक है जिसने अपने यहां पढ़ रही एक छात्रा के मोबाइल के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज किया और उसकी सहेली से बात करवाने को कहा जिस पर लड़की ने विरोध किया तो आरोपी परवेज ने छात्राओं को जान से मारने की धमकी दी पुलिस दर्ज रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी परवेज से भी पुलिस पूछताछ करने जा रही है फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर नर्सिंग सेंटर में पढ़ने वाली लड़कियों के परिजनों में गहरा गुस्सा छा गया है और परिजनों ने तुरंत परवेज को अरेस्ट करने की मांग भीकी है । उल्लेखनीय है कि समाज में शिक्षक को भगवान से भी ज्यादा पूजनीय माना जाता है और बच्चों के करियर को दिशा और गति देने में भी शिक्षक की बड़ी भूमिका होती है लेकिन जब शिक्षक का हीं नैतिक आचरण खराब हो जाए तो फिर उससे अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाने की क्या उम्मीद की जा सकती है परवेज जैसे शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना जरूरी है।

## दौलतपुरा में मंदिर में सोने चांदी के आभूषण और नगदी चुरा ले गए बदमाश

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के दौलतपुरा में स्थित श्री देव हीरामल जी मंदिर में सोने चांदी के आभूषण और मंदिर के दान पत्र में रखें करीब 2 लाख रुपए चुरा कर बदमाश फरार हो गए चोरी का यह पूरा दृश्य मंदिर में मौजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बदमाशों के फोटो के आधार पर उनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं फिलहाल खबर लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस के हाथ खाली थे पुलिस आसपास के इलाके में संदिग्ध रूप से घूम रहे लोगों की गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखे हुए हैं लेकिन मंदिर में हुई इस चोरी की वारदात को लेकर क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मंदिर के पुजारी और मंदिर के आसपास में रहने वाले लोगों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है इस मंदिर के प्रति लोगों की आस्था काफी ज्यादा है और यहां मंदिर में बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए भी आते हैं इसलिए मंदिर के दान पत्र में करीब 2 लाख रुपए रखे होने की जानकारी मंदिर के पुजारी की ओर से दी गई है मंदिर में भगवान के पोशाक काफी कीमती थी जिसमें सोने चांदी का काम किया हुआ था इसलिए भगवान की पोशाक के अलावा उनके सोने चांदी के आभूषण भी बदमाश चुरा लेंगे पुलिस को संदेह है कि मंदिर में चोरी की वारदात करने से पहले बदमाश भक्त बनाकर जरूर मंदिर में आए थे और मंदिर के बारे में पूरी जानकारी जताकर उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया है इसलिए मंदिर के पुजारी से मंदिर में दर्शन करने आने वाले नियमित भक्तों के बारे में तो पूछा जा रहा है इसके अलावा मंदिर के पुजारी से पूछताछ कर यह भी पता लगाया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में कुछ नए चेहरे भी क्या यहां पर दर्शन करने के लिए आए थे पुलिस अपनी जांच को गंभीरता से आगे बढ़ा रही है क्योंकि इस चोरी की घटना को लेकर आसपास के इलाके के लोगों ने गहरी नाराजगी प्रकट की है और लोगों का कहना है कि मंदिर के बाद अब बदमाश उनके घर को भी निशाना बना सकते हैं इसलिए पुलिस को इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने ही होंगे ।

## मुख्यमंत्री आवास पर 200 प्रधानों का जमघट, प्रशासक बनने की मांग

### प्रधान संघ के अध्यक्ष दिनेश सुंडा के अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर से की मुलाकात और पंचायत सचिव जोगाराम से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम उन्हें ज्ञापन दिया

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पंचायत समिति के प्रधान अब प्रशासक बनाए जाने की मांग को लेकर सड़क पर आ गए हैं इसी क्रम में सोमवार को करीब 200 प्रधान मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को अपनी मांग का ज्ञापन भी प्रस्तुत किया इससे पहले प्रधान संघ के अध्यक्ष दिनेश सुंडा के नेतृत्व में प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल पंचायत राज्य मंत्री मदन दिलावर से मिला और उन्हें अपनी मांग का ज्ञापन दिया ज्ञापन में प्रदेश में जिन पंचायत समितियां का कार्यकाल समाप्त हो चुका है वहां नियुक्त प्रधान को प्रशासक बनाए जाने की कोई जोर मांग की ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें चुनकर भेजा था इसलिए क्षेत्र के लोग उन्हें ही अपनी समस्याएं बताते हैं और कहते हैं हम तो सिर्फ आपको जानते हैं आपको ही हमारा काम करना होगा हम किसके पास जाकर ग्राम पंचायत संबंधी समस्याएं और विकास की बातें करें इस तरह की बातें ग्रामीणों की ओर से उन्हें कहीं जाती है इसलिए ग्राम पंचायत में विकास के कार्य सतत रूप से ठीक तरह से संपादित होते रहे और ग्राम पंचायत की समस्याओं का भी सतत रूप से निवारण होता रहे इसके लिए अगर प्रधान को ही प्रशासक बना दिया जाएगा तो पहले की तरह सरकारी काम आसानी से संपादित हो सकेंगे इस तरह की बातें प्रधानों की ओर से पंचायत राज मंत्री और पंचायत सचिव जोगाराम को कही गई है हालांकि प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी मुलाकात करना चाहता था और मुलाकात करने के लिए 200 प्रधान मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे भी थे लेकिन किसी कारणवश मुख्यमंत्री की उनसे मुलाकात नहीं हो पाई लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को ज्ञापन दिया है उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अभी पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव आयोजित करवाने में समय लगेगा अभी वोटर लिस्ट का कार्य जारी है इसके अलावा ओबीसी आयोग की रिपोर्ट भी नहीं आई है जिसके फल स्वरूप निर्वाचन विभाग की ओर से भी अभी पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव आयोजित करवाने के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है हालांकि कोर्ट की ओर से जरूर राजस्थान सरकार और निर्वाचन आयोग को चुनाव करवाने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन चुनाव कब होंगे इसके बारे में अभी स्थिति क्लियर नहीं है इसलिए जिन पंचायत समितियां का कार्यकाल समाप्त हो गया है उन पंचायत समिति के प्रधानों ने चुनाव होने तक खुद को प्रशासक बनाए जाने की मांग सरकार से की है ताकि पंचायत समिति संबंधी सरकारी काम पहले की तरह सतत रूप से आसानी से संपादित हो सके।

## राज्यपाल से नव नियुक्त कुलगुरु प्रो. मदन मोहन झा ने की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर** राज्यपाल एवं कुलाधिपति  हरिभाऊ बागडे से सोमवार को राजभवन में जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के नव नियुक्त कुलगुरु प्रो. मदन मोहन झा ने मुलाकात की।

# प्रदेश भाजपा कार्यालय में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जनसुनवाई की

## सोमवार को फिर से जनसुनवाई के कार्यक्रम से गुलजार हुआ भाजपा कार्यालय

### सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को ही सुना जाएगा

**जयपुर टाइम्स**





**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा कार्यालय में सोमवार को फिर से मंत्रियों का दरबार सजना शुरू हो गया है। सोमवार को उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया इस जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े नेता भी मौजूद रहे बड़ी बात यह है कि इस जनसुनवाई कार्यक्रम में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की और से प्रस्तुत की जाने वाली समस्याओं का ही मंत्री निवारण करेंगे इसके अलावा आम जनता के लिए पहले से ही मंत्रियों की ओर से अपने आवास और शासन सचिवालय में स्थित अपने कमरों में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन प्रदेश भाजपा कार्यालय में सिर्फ भाजपा के संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे पार्टी जनों की समस्याओं का ही निवारण किया जाएगा सोमवार को पहले दिन जनसुनवाई के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की ज्यादा उपस्थित नहीं रही जिसके पीछे एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि अभी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश भर में बैठे कार्यकर्ताओं को जनसुनवाई के इस कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी और ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है कौन से दिन कौन सा मंत्री प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करेगा अगर इस तरह का कोई कैलेंडर भारतीय जनता पार्टी की ओर से पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए जारी कर दिया जाता है तो यह प्रदेश के दूर दराज के इलाके में बैठे पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए काफी ठीक रहेगा हो सकता है बहुत जल्दी ही प्रदेश भाजपा और सरकार की ओर से आपस में इस संबंध में चर्चा करके जनसुनवाई के लिए मंत्रियों का कैलेंडर कार्यकर्ताओं को उपलब्ध करवा दिया जाए अगर इस तरह की व्यवस्था होती है तो फिर निश्चित रूप से जनसुनवाई के कार्यक्रम में आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ देखी जा सकती है जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा के पास सड़क और परिवहन, आयुर्वेद ,योग ,प्राकृतिक चिकित्सा ,उच्च और तकनीकी शिक्षा जैसे मंत्रालय हैं सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत की गई समस्याओं को गंभीरता से देखा जो समस्याएं उनके विभाग से संबंधित थे उन समस्याओं के निवारण के लिए उन्होंने तुरंत ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया इसके अलावा जो समस्याएं उनके विभाग से संबंधित नहीं थी उनके निवारण के लिए संबंधित मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए प्रेषित किया जानकारी के अनुसार मंत्रियों के इस जनसुनवाई कार्यक्रम में मीडिया की उपस्थिति पर प्रतिबंध लगाया गया है हालांकि जनसुनवाई के कार्यक्रम के बाद मंत्रियों की ओर से बाकायदा मीडिया को संबोधित किया जाएगा लेकिन जनसुनवाई के दौरान अंदर मीडिया को कवरेज के लिए अनुमति नहीं दी गई है सोमवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे दोनों ही मंत्रियों ने काफी गंभीरता पूर्वक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और दोनों ही मंत्री काफी आत्मीय भाव से पार्टी जनों से मुलाकात करते हुए नजर आए ।

### *प्रदेश में बरसात अच्छी होने से बुवाई का रकबा बढ़ा जिससे खाद की ज्यादा डिमांड हुई*

*प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि इस बार पूरे प्रदेश में अच्छी बरसात हुई प्रदेश के अधिकांश जिलों में अच्छी बरसात होने की वजह से इस बार बुवाई का रकबा भी बड़ा है इसलिए यूरिया खाद की डिमांड बड़ी है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को खाद उपलब्ध करवाने के लिए तमाम तरह की व्यवस्था की हुई है क्रय विक्रय सहकारी समिति के अलावा ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से भी किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार खाद उपलब्ध करवाया जा रहा है लेकिन किसान आवश्यकता से भी ज्यादा यूरिया के डिमांड कर रहे हैं और यूरिया खाद को जमा कर रहे हैं फिर भी सरकार हर तरह से किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध करवा रही है।*

## एसीबी ने दो वनरक्षक को 80000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में उदयपुर जिले में एसीबी की टीम ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए वन विभाग के दो वनरक्षक को 80000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्त वनरक्षक महेश मीणा और विजेश के रिहासी ठिकानों पर भी तलाशी अभियान को अंजाम दे रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार वनरक्षक महेश मीणा और विजेश आर्य उदयपुर जिले में खेरवाड़ा वन चौकी पर नियुक्त हैं इन्होंने वन क्षेत्र में खनन के आरोप में एक ट्रक को पकड़ा था ट्रक को छोड़ने के बदले इन दोनों वनरक्षक ने रिश्वत की डिमांड की जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक विरोध में दोनों आरोपी वनरक्षक को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत सोमवार को परिवादी ने जैसे ही दोनों वनरक्षक महेश मीणा और  विजेश आर्य को 80000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे बस स्टेशन निरोधक ब्यूरो के रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने दोनों वनरक्षक को रिश्वत की रकम के साथ मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया इस घटना ने एक बार फिर साबित किया है कि वन क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन में कहीं ना कहीं वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारी भी चांदी कूट रहे हैं क्योंकि जिस तरह से दोनों वनरक्षक ने सिर्फ एक ट्रक छोड़ने के बदले इतनी बड़ी रकम रिश्वत के रूप में मांगी है तो न जाने आपसे पहले भी इन दोनों वन अधिकारियों ने कितने ट्रक पकड़ कर छोड़ें होंगे इसलिए इस प्रकरण को वन विभाग के बड़े अधिकारियों को काफी गंभीरता से लेना चाहिए और कहीं ना कहीं अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वन क्षेत्र में किसी भी तरह की कोई अवैध खनन की गतिविधि नहीं हो और जंगल में हरियाली बरकरार रहे इसके अलावा जंगल में रह रहे वन्य कर्मियों को भी किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो क्योंकि अवैध खनन की वजह से एक तरफ जहां पेड़ों की कटाई होती है तो दूसरी तरफ पहाड़ी भी रेगिस्तान में तब्दील हो जाती है इसलिए अवैध खनन रोकना बहुत जरूरी है ।

## खाचरियावास को नहीं, बॉय को पंचायत समिति बनाने की मांग: ग्रामीण टंकी पर चढ़े

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सीकर जिले में खत्री आवास को पंचायत समिति बनाने के विरोध में कई ग्राम पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण पिछले कुछ दिनों से आंदोलन छेड़े हुए हैं संबंधित एसडीएम कार्यालय के बाहर भी नियमित रूप से ग्रामीणों की ओर से जोरदार नार बजी और प्रदर्शन किया जा रहा है इसी क्रम में सोमवार को भी ग्रामीण बॉय को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर सड़कों पर आ गए और कुछ युवक वहां मौजूद पानी की टंकी पर चढ़ गए और टंकी से कूद कर आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी जिसके बाद पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और अधिकारियों की ओर से टंकी पर चढ़े युवकों को राजी करने का प्रयास भी किया जा रहा है लेकिन टंकी पर चढ़े युवकों का साफ कहना है कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक वे टंकी पर ही रहेंगे । पुलिस ने एतिहाद के तौर पर टंकी पर चढ़े युवकों के कूदने पर उन्हें बचाने के सभी तरह के बंदोबस्त भी कर लिए हैं जानकारी के अनुसार आंदोलन कर रहे कई ग्राम पंचायत के लोगों का कहना है कि उनकी ग्राम पंचायत और नई पंचायत समिति के दफ्तर खाचरिया वास की दूरी काफी ज्यादा है नई पंचायत समिति के दफ्तर तक पहुंचने में उन्हें काफी परेशानी होगी और उनका समय भी काफी बर्बाद होगा इसलिए ग्रामीणों ने बॉय को पंचायत समिति बनाने की पुरजोर मांग की है उन्होंने कहा कि नई पंचायत समिति का गठन करने से पहले संबंधित ग्राम पंचायत के लोगों से भी कम से कम वार्तालाप करनी चाहिए और तमाम तरह की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही नई पंचायत समिति का निर्माण करना चाहिए लेकिन यहां पर अधिकारियों ने किसी के दबाव में आकर अपने स्तर पर ही ग्रामीणों से बातचीत किए बिना ही खाचरियावास को नई पंचायत समिति बना दिया जिसकी वजह से अब उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है इसलिए ग्रामीण पिछले कुछ दिनों से लगातार अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं ग्रामीणों का यह भी करना है कि अगर उनकी मांग पर सरकार की ओर से सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो फिर आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा ।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के स्टेशनों पर 342 करोड रुपए खर्च: यात्री सुविधाओं का हो रहा विस्तार

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का निरंतर उन्नयन किया जा रहा है। स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म का विस्तार प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने तथा प्लेटफॉर्म पर नए शेल्टर लगाने या शेल्टर के विस्तार का कार्य किया जा रहा है जिससे यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने उतरने तथा ट्रेन की प्रतिक्षा करते समय सुविधा हो सकेगी। जानकारी  के अनुसार लंबी दूरी की गाड़ियों में डिब्बों की निरंतर बढ़ोतरी को देखते हुए प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाई जा रही है ताकि यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में सुविधा हो सके। छोटे-बड़े सभी स्टेशनों पर रेल लेवल और मीडियम लेवल प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाकर उसे हाई लेवल किया जा रहा है ताकि बुजुर्गों, निःशक्तजनो और महिलाओं को ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में आसानी हो सके। साथ की स्टेशनो के प्लेटफॉर्मों पर नए शेल्टर लगाने अथवा शेल्टर के विस्तार का कार्य भी किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों जयपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर पर लगभग 262 करोड रुपए की लागत से प्लेटफॉर्म शेल्टर लगाने और विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं साथ ही लगभग 80 करोड़ रुपए की लागत से प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने और प्लेटफ़ॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।  अजमेर और बीकानेर मंडल के उदयपुर, खारवा, चॉदा, पिपलाज, मोरीबेरा, कोलायत, गजनेर, नोखड़ा, गजसिंहपुर, केशव नगर हाल्ट सहित 21 स्टेशनों पर लगभग 80 करोड रुपए की लागत से प्लेटफार्म के विस्तार तथा रेल लेवल एवं मीडियम लेवल के प्लेटफार्म को हाई लेवल में बदला जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों जयपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर पर लगभग 262 करोड रुपए की लागत से प्लेटफॉर्म शेल्टर लगाने के कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें से जयपुर मंडल पर  फुलेरा, किशनगढ़, कनकपुर,आसलपुर , जोबनेर, बांदीकुई, कनोता, सीकर, फतेहपुर, शेखावाटी , झुंझुनू, लक्ष्मणगढ़, पलसाना, अलवर, खैरथल हरसोली ,ढेहर का बालाजी ,चौमूं, गेटोर जगतपुरा सहित 46 स्टेशनों पर 37 करोड़ रुपए की लागत से अतिरिक्त प्लेटफॉर्म शेल्टर लगाए जा रहे हैं।  जोधपुर के बाड़मेर ,बालोतरा, जालौर, फलोदी, रामदेवरा ,डेगाना, मेड़ता रोड,, नागौर, सुजानगढ, देशनोक, भगत की कोठी, जैसलमेर, मकराना, कुचामन सिटी ,पोकरन, उदरमसर ,बड़ी, खाटू, मारवाड़, मथानिया ,पीपाड़ रोड़ ,बिलाड़ा सहित 63 स्टेशनों पर 62 करोड़ रुपए की लागत से अतिरिक्त प्लेटफॉर्म शेल्टर लगाए जा रहे हैं।  अजमेर मंडल पर अजमेर ,ब्यावर, मारवाड़ जंक्शन ,सोमेसर, फालना, जवाई बांध,  डूंगरपुर , मावली, भीलवाड़ा सहित 17 स्टेशनों पर 113 करोड रुपए की लागत से पूर्ण लंबाई के प्लेटफॉर्म शेल्टर लगाए जा रहे है।  बीकानेर मंडल पर रतनगढ़ सादुलपुर, गोगामेडी, महेंद्रगढ़, चरखी, दादरी ,हनुमानगढ़ ,टाउन महाजन, नापासर, राजलदेसर ,सतनाली ,तहसील भादरा सहित 31 स्टेशनों पर 49 करोड रुपए की लागत से प्लेटफार्म शेल्टर के विस्तार का कार्य किया जा रहा है।

## एक प्रदेश एक चुनाव करने को सरकार की तैयारी पूरी: झाबर सिंह खर्रा

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के शहरी निकाय मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने अजमेर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा है कि एक प्रदेश एक चुनाव कराने को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार ने विगत सितंबर माह में ही तैयारी पूरी कर ली थी लेकिन चुनाव आयोग की ओर से नई मतदाता सूची के तैयार करने और ओबीसी आयोग की रिपोर्ट सबमिट नहीं होने की वजह से निर्वाचन आयोग चुनाव करवाने में असमर्थ रहा उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर सभी तैयारी कंप्लीट है अब जो भी कुछ चुनाव करवाने संबंधी कार्य बचा है वह निर्वाचन विभाग का है उन्होंने कहा कि अभी फिलहाल मतदाता सूची का कार्य प्रदेश में जारी है और ओबीसी आयोग की रिपोर्ट आना भी बाकी है इसलिए इन दोनों महत्वपूर्ण कामों के पूरा होने के बाद निर्वाचन विभाग खुद ही चुनाव करवाने की प्रक्रिया में जुट जाएगा लेकिन जब तक यह दोनों महत्वपूर्ण कार्य कंप्लीट नहीं होंगे तब तक निर्वाचन विभाग चुनाव करवाने की स्थिति में भी नहीं है यूडीएच मिनिस्टर खर्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य को लेकर कांग्रेस पार्टी बेवजह लोगों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को वहां के लोगों ने खूब पसंद किया बिहार में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य को लेकर कहीं भी किसी भी तरह का कोई हंगामा या प्रदर्शन देखने को नहीं मिला बिहार में कांग्रेस पार्टी को करी पर देखने को नहीं मिला बिहार में कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह से पराजय मिली कांग्रेस पार्टी एक के बाद एक देश के राज्यों में अपना जन आधार खोती जा रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेता पराजय की बौखलाहट में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर भ्रम फैलाकर अपना गुस्सा उतारने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन देश की जनता अच्छी तरह से जानती है देश की जनता समझदार है और यह जानती है कि अगर मतदाता सूची में किसी ने अवैध तरीके से घुसपैठ कर रखी है तो उसे मतदाता सूची से बाहर करने की बात पर देश की जनता सहमत है इसीलिए मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर देश की जनता खुद सहयोग कर रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी अपनी पराजय की बौखलाहट में बेवजह मुद्दा बना रही हैजो ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अब तक हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं और आने वाले 3 साल में भी ऐतिहासिक कार्य देखने को मिलेंगे ।

## यूरिया आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु उर्वरक सप्लाई कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)।** कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल ने सोमवार को प्रदेश में यूरिया की उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित सप्लाई कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में निदेशक, संचलन अभय कुमार शर्मा उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार वीसी के माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान  प्रदेश में उर्वरक सप्लाई कंपनियों को दिसंबर के प्रथम सप्ताह में 1 लाख 8 हजार मेट्रिक टन यूरिया आपूर्ति के निर्देश दिए। बैठक में राज्य में आगामी कृषि सीज़न के लिए यूरिया की मांग, उपलब्ध स्टॉक, वितरण व्यवस्था तथा परिवहन से जुड़ी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि आयुक्त ने निर्देश दिया कि किसानों को समयबद्ध तरीके से पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कंपनी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए यह सुनिश्चित किया जाए और जिला स्तर पर आवश्यक समन्वय बनाए रखा जाए। गोपाल ने यह भी स्पष्ट किया कि यूरिया वितरण की निगरानी के लिए विभाग द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी,  सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।